

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,सोमवार 22 जून 2026 ■ ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष-8 ■ वर्ष -42 ■ अंक-085 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 23 जून 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये


## छत्तीसगढ़ में मानसून ने दी दस्तक

**रायपुर,22 जून ■ तरुण छत्तीसगढ़**



प्रदेशवासियों के लिए राहत की खबर है। लंबे इंतजार के बाद आखिरकार छत्तीसगढ़ में मानसून ने दस्तक दे दी है। मौसम विभाग ने सोमवार को दंतेवाड़ा जिले से दक्षिण-पश्चिम मानसून के प्रदेश में प्रवेश की पुष्टि की है। इसके साथ ही अगले 24 से 48 घंटों के दौरान राज्य के कई हिस्सों में बारिश की गतिविधियां बढ़ने की संभावना जताई गई है, जिससे लोगों को भीषण गर्मी और उमस से राहत मिलने की उम्मीद है। मानसून की दस्तक के साथ ही प्रदेश में मौसम का मिजाज बदलने लगा है। मौसम विभाग के अनुसार, दक्षिण-पश्चिम मानसून 22 जून 2026 को छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में पहुंच गया है। मानसून की उत्तरी सीमा 19° उत्तरी अक्षांश और 60° पूर्वी देशांतर, 19° उत्तरी अक्षांश और 65° पूर्वी देशांतर, 18.8° उत्तरी अक्षांश और 70° पूर्वी देशांतर, अलीबाग, पुणे, निजामाबाद, दंतेवाड़ा, बलांगीर, सुंदरगढ़, चतरा, गया, मुजफ्फरपुर और 28.3° उत्तरी अक्षांश तथा 83° पूर्वी देशांतर से होकर गुजर रही है। मौसम विभाग का अनुमान है कि मानसून की सक्रियता बढ़ने के साथ ही प्रदेश के कई जिलों में मध्यम से भारी बारिश होने की संभावना है। आने वाले दो दिनों में बारिश का दायरा और अधिक बढ़ सकता है। मानसून के आगमन से किसानों में भी खुशी का माहौल है, क्योंकि खरीफ फसलों की बुवाई के लिए अनुकूल परिस्थितियां बनने लगी हैं। वहीं, आम लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद है।

**येलो और ऑरेंज अलर्ट जारी**-इसी बीच मौसम विभाग ने प्रदेश के कई जिलों के लिए येलो और ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। दोपहर 12:26 PM से 12:27 PM के बीच जारी नाउकास्ट अलर्ट की वैधता 3:26 PM से 3:27 PM तक रहेगी। इस दौरान प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में मौसम अस्थिर रहने की संभावना जताई गई है।

**इन जिलों में ऑरेंज अलर्ट**-मौसम विभाग के अनुसार धमतरी, बालोद, गरियाबंद, महासमुंद, रायपुर, बलौदा बाजार, जांजगीर-चांपा, रायगढ़, बिलासपुर, कोरबा, जशपुर, दुर्ग, बेमेतरा, मुंगेली, सरगुजा और सूरजपुर सहित कई जिलों में मेघगर्जन, बिजली चमकने, हल्की बारिश और तेज हवाओं की संभावना है। इन क्षेत्रों में हवा की गति 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच सकती है, जबकि कुछ स्थानों पर आंधी और तेज हवाओं की रफ्तार 40 से 60 किलोमीटर प्रति घंटा तक जाने की चेतावनी दी गई है।

**इन जिलों में येलो अलर्ट**-इसके अलावा सुकमा, बीजापुर, दंतेवाड़ा, बस्तर, नारायणपुर, कोंडागांव, कांकेर, धमतरी, बालोद, राजनांदगांव, गरियाबंद, महासमुंद, जांजगीर-चांपा, रायगढ़, बिलासपुर, कोरबा, जशपुर, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, दुर्ग, बेमेतरा, कबीरधाम, मुंगेली, सरगुजा, सूरजपुर, कोरिया और बलरामपुर जिलों में मेघगर्जन, आकाशीय बिजली, अचानक तेज हवा (30–40 किमी प्रति घंटा) और वर्षा की संभावना जताई गई है।

### बोलेरो ने ली स्कूटी सवार की जान


**जशपुर,22 जून।** बोलेरो ने स्कूटी सवार को रौंद दिया, जिससे स्कूटी चालक की मौके पर ही मौत हो गई. जशपुर में रफ्तार का कहर देखने को मिला है. तेज रफ्तार बोलेरो ने स्कूटी सवार युवक को रौंद दिया. दर्दनाक हादसे में युवक की मौत हो गई. घटना के बाद चालक वाहन समेत फरार हो गया है. मामला बगीचा थाना क्षेत्र का है. जानकारी के मुताबिक, मौके पर मौजूद लोगों को पुलिस को जानकारी दी. युवक को अस्पताल भेजा गया, जहां से उसे मृत घोषित कर दिया गया. पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया गया है. पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई है.

### वाहन की टक्कर से युवक की मौत, एक की हालत गंभीर

**बिलासपुर,22 जून ।** छत्तीसगढ़ बिलासपुर तिफरा ओवरब्रिज पर सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया है। घायल का अस्पताल में इलाज चल रहा है। बताया जा रहा है कि अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने बाइक सवार दो युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद वाहन चालक, वाहन के साथ मौके से फरार हो गया। पुलिस CCTV फुटेज के आधार पर फरार वाहन की तलाश में जुटी है। घटना सिविल लाइन थाना क्षेत्र की है। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के तिफरा फ्लाईओवर ब्रिज पर बाइक से जा रहे दो युवकों को अज्ञात वाहन के चालक ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक अनियंत्रित होकर सामने से आ रहे पिकअप से जा टकराई। हादसे में एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही डायल-112 की टीम मौके पर पहुंची और घायल युवक को उपचार के लिए सिम्स भेजा।

### ब्रिटेन की राजनीति में बड़ा उलटफेर

**लंदन,22 जून।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने लेबर पार्टी के भीतर बढ़ते भारी विरोध और असंतोष के बीच यह फैसला लिया है। गौरतलब है कि ब्रिटिश समाचार पत्र 'द ऑब्जर्वर' ने हाल ही में एक रिपोर्ट जारी की थी। इसके मुताबिक स्टार्मर सोमवार को अपने पद से हटने और नए नेतृत्व के चुनाव के लिए एक औपचारिक समय-सीमा की घोषणा कर सकते हैं। ब्रिटेन में पिछले एक दशक में सातवीं बार ऐसा हो रहा है



## रात में रेत भंडारण की जांच

**कोरिया,22 जून।** कोरिया जिले में रेत उत्खनन को लेकर हुए विवाद के बाद भाजपा नेता की भाजपा नेता द्वारा की गई जघन्य हत्या के बाद अब सरकार हरकत में आती नजर आ रही है. केंद्रीय खनि उड़नदस्ता की संयुक्त टीम ने बीती रात नदियों का औचक निरीक्षण किया, जिसमें अवैध भंडारण पर कार्रवाई करते हुए भंडारण करने वालों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है.

संचालक आईएएस रजत बंसल के निर्देश पर सक्रिय हुए केंद्रीय खनि उड़नदस्ता की संयुक्त टीम ने बीती रात मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (एमसीबी) जिला के तहसील केल्हारी में दंडाहस्वाही स्थित केवाई नदी, पसौरी, कुटरा और हसदेव नदी का निरीक्षण किया. इस दौरान स्वीकृत दो अस्थाई भण्डारण अनुज्ञप्ति स्थलों की सघन जांच की गई. मौके पर ड्रोन सर्वे के माध्यम से रेत की मात्रा का मापन किया गया.

विभागीय जानकारी के अनुसार, केवल एमसीबी जिला ही नहीं, बल्कि संचालक के निर्देशानुसार राज्य के विभिन्न जिले के पहुंच विहीन क्षेत्र एवं अवैध रेत उत्खनन क्षेत्रों का चिन्हांकन कर हाईटेक ड्रोन सर्वे के माध्यम से से निगरानी की जा रही है, जिससे अवैध रेत खनन एवम भंडारण पर प्रभावी नियंत्रण रखा जा सके. इसके साथ ही जांच में केंद्रीय उड़नदस्ता की संयुक्त जांच टीम के साथ जिला स्तरीय टीम मौजूद रहे.

## ट्रैक्टर और ट्रेलर की चपेट में आने से दो युवकों की मौत

**धमतरी, 21 जून ।** छत्तीसगढ़ के कोरबा और धमतरी जिलों में हुए अलग-अलग दर्दनाक सड़क एवं औद्योगिक हादसों में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, कोरबा और धमतरी जिलों में हुए इन हादसों में कहीं तेज रफ्तार ट्रैक्टर और ट्रेलर लोगों के लिए काल बन गए, तो वहीं कोरबा की एक खदान में डंपर पलटने से एसईसीएल के एक कर्मचारी की जान चली गई। इन घटनाओं के बाद कई इलाकों में मातम पसरा हुआ है, वहीं पुलिस सभी मामलों की जांच में जुटी हुई है। पहली घटना अंधियारखोर में हुई, जहां एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में ट्रैक्टर पर सवार 18 वर्षीय दीपेंद्र यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। चोटें इतनी गंभीर थीं कि उसकी मौके पर ही मौत हो गई। कम उम्र में युवक की मौत से परिवार और गांव में मातम पसरा हुआ है। वहीं दूसरी घटना करिआम घाट के पास हुई, जहां एक तेज रफ्तार और अनियंत्रित ट्रेलर ने सड़क किनारे खड़े युवक को अपनी चपेट में ले लिया। जानकारी के अनुसार, मृतक अपने दोस्तों के साथ एक बारात से लौट रहा था। सफर के दौरान करिआम घाट के पास सभी लोग सड़क किनारे अपनी मोटरसाइकिल खड़ी कर लघुशंका के लिए रुके थे।



**नैमेड़ से बीजापुर तक निकली ट्रैक्टर रैली**

## डीजल-पेट्रोल संकट के खिलाफ किसानों का हल्ला बोल

**तरुण छत्तीसगढ़, बीजापुर 22 जून।** जिले में डीजल और पेट्रोल की किल्लत से जूझ रहे किसानों ने अब आंदोलन का रास्ता अख्तियार कर लिया है। खेती-किसानी के महत्वपूर्ण समय में ईंधन नहीं मिलने से नाराज किसानों ने आज नेमेड़ से बीजापुर तक विशाल ट्रैक्टर रैली निकाली । रैली के माध्यम से किसानों की समस्याओं को लेकर जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा।

विधायक विक्रम मंडावी के नेतृत्व में आयोजित इस "किसान ट्रैक्टर रैली" में जिले भर के किसानों, ग्रामीणों एवं आम नागरिकों से बड़ी संख्या में शामिल होने की अपील की की थी। जानकारी के अनुसार, खरीफ सीजन की शुरुआत हो चुकी है और किसान खेतों की तैयारी में जुटे हुए हैं। ऐसे समय में जिले के कई इलाकों में डीजल एवं पेट्रोल की आपूर्ति बाधित होने से कृषि कार्य प्रभावित हो रहे हैं। किसानों का कहना है कि ईंधन की कमी के कारण ट्रैक्टर, पंप और अन्य कृषि उपकरण संचालित नहीं हो पा रहे हैं, जिससे बुवाई कार्य प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई है। खबर लिखे जाने तक रैली का शुभारंभ नैमेड़ बस स्टैंड शुरू हो गया है और बीजापुर बस स्टैंड में आमसभा हुई। सर्वप्रथम किसान जेएमवी पेट्रोल पंप नेमेड़, जी.वी.आर.



पेट्रोल पंप बीजापुर, लुंकड़ पेट्रोल पंप तथा पवार पेट्रोल पंप (गंगालूर रोड) का घेराव कर विरोध प्रदर्शन किए। इसके पश्चात किसान ट्रैक्टर रैली के रूप में कलेक्ट्रेट पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। किसान नेताओं ने कहा है कि यदि किसानों की समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा।

## तीन मंजिला कपड़ा दुकान में आग

**कवर्धा,22जून।** शहर के मुख्य बाजार में बीती रात उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक कपड़ा दुकान में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरी तीन मंजिला दुकान को अपनी चपेट में ले लिया। आग की ऊंची-ऊंची लपटें और धुएं का गुबार दूर तक दिखाई देने लगा, जिससे आसपास के व्यापारियों और लोगों में हड़कंप मच गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग इतनी तेजी से फैली कि किसी को संभलने या दुकान के भीतर रखे सामान को बाहर निकालने का मौका नहीं मिल सका। स्थानीय लोगों ने तत्काल दुकान संचालक, पुलिस और फायर ब्रिगेड को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस और अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने का अभियान शुरू किया। फायर ब्रिगेड कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक तीन मंजिला दुकान पूरी तरह जल चुकी थी। आगजनी की इस घटना में दुकान में रखा कपड़ा, फर्नीचर और अन्य सामान जलकर राख हो गया। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार व्यापारी को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। पीड़ित व्यापारी नदीम अंसारी ने



बताया कि वह रात करीब साढ़े नौ बजे दुकान बंद कर घर लौटे थे। कुछ देर बाद उन्हें लोगों का फोन आया कि उनकी दुकान से आग की लपटें निकल रही हैं। सूचना मिलते ही वह तत्काल मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि शटर खोलते ही देखा कि पूरा प्रतिष्ठान आग की चपेट में आ चुका था और आग तेजी से फैल रही थी।

फिलहाल, आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। आशंका जताई जा रही है कि शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगी हो सकती है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस और संबंधित विभाग मामले की जांच में जुट गए हैं। घटना के बाद बाजार क्षेत्र में लोगों की भारी भीड़ जुट गई, और देर रात तक राहत एवं बचाव कार्य चलता रहा।

## ईरान का मिसाइल से इजरायल पर हमला

### तेहरान बोला- बीच में ना आएं ट्रंप, घुटनों पर एक दिन में नेतन्याहू को ला देंगे

**तेहरान,22 जून।** मिडिल ईस्ट में जारी युद्ध को कहीं से और किसी भी स्तर पर सीजफायर और शांति वार्ता समझौता का नाम नहीं दिया जा सकता है. अभी तक कई बार ऐसा देखा गया है कि एक तरफ शांति समझौता की बात करते है तो दूसरी तरफ पता चलता है कि हमला हो गया. इसी जारी तनाव के बीच ईरान ने खोर्रमशहर मिसाइल से इजरायल पर जोरदार हमला किया है. ईरान ने हमलों के दौरान तेल अवीव, हाइफा, बेन गुरियन एयरपोर्ट और दिमोना परमाणु केंद्र को निशाना बनाया गया, जिसमें भारी तबाही के दावे किए गए है. शांति वार्ता के बीच ईरान का इजरायल पर जोरदार हमला करने के बाद इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू



ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है.ईरानी सैन्य अधिकारियों से जुड़े बयानों और स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार कहा जा रहा है कि ईरान की सेना ने अपने लोगों से कहा है कि 'ईरान के लिए प्रार्थना करें'. लेकिन अभी तक इस बात की कोई पुष्टि नहीं हो सकी है. इजरायली अधिकारियों की ओर से भी हमले के दायरे, नुकसान और इसके वास्तविक प्रभाव को लेकर स्पष्ट जानकारी सामने आना अभी बाकी है.

ईरान का इजरायल पर हमला को देखते हुए कहा जा सकता है कि अभी वह एकदम एक अलग मूड में दिखा रहा है, क्योंकि खोर्रमशहर लंबी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलों में गिनी जाती है. ईरान की सबसे घातक बैलिस्टिक मिसाइलों में से एक है. यह हवा में लगभग 19,757 km/h की गति से चलती है और एक टन से अधिक वजनी मल्टीपल वॉरहेड ले जाने में सक्षम है.इस बीच ईरान ने अमेरिका के लिए एक संदेश जारी करते हुए कहा, 'प्रिय अमेरिकियों, अपने राष्ट्रपति से कहो कि वे ईरान और इजरायल के बीच न आएं. इजरायल को तो घुटने टेकने पर हम एक दिन में ही मजबूर कर देंगे.

वहीं, इजरायल के प्रधानमंत्री ने अपने नागरिकों से कहा है कि बातचीत में चाहे कुछ भी हो, समझौता हो या न हो, मैं आपसे वादा करता हूं कि जब तक मैं प्रधानमंत्री हूं, ईरान के पास कभी भी परमाणु हथियार नहीं होगा.

### कोठे की दीवार तोड़कर 19 बकरे-बकरियां चोरी

**रतनपुर ,22 जून।** थाना रतनपुर क्षेत्र के ग्राम चकराभाठा में पशुपालक के घर के कोठे से अज्ञात चोरों द्वारा 19 बकरा-बकरियों की चोरी का मामला सामने आया है। चोरी गए पशुओं की कीमत करीब 60 हजार रुपये बताई जा रही है। पीड़ित की शिकायत पर रतनपुर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है ।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम चकराभाठा निवासी समन सिंह पैकरा खेती-किसानी के साथ बकरी-बकरा पालन का काम करते हैं। उन्होंने अपनी शिकायत में बताया कि 19 जून 2026 को रोज की तरह दोपहर करीब 3 बजे वह अपने 4 नग बकरों और 15 नग बकरियों को जंगल चराने ले गए थे। शाम करीब 6 बजे सभी पशुओं को वापस लाकर घर के कोठे में बंद कर दिया था।

## बाप-बेटे ने की डीजे ऑपरेटर की हत्या


**कोरबा। 22 जून।** छत्तीसगढ़ के कोरबा में देर रात पुरानी रंजिश के चलते युवक की बेरहमी से हत्या कर दी। मृतक युवक डीजे ऑपरेटर था, जिस पर मोहल्ले के ही एक व्यक्ति ने अपने नाबालिग बेटे और अन्य साथियों के साथ मिलकर हमला किया, कोई चाकू से वार किया, तो किसी ने लाठी और ईंट से मारा। इस पूरी घटना का वीडियो भी सामने आया है, सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर तेजी के साथ वायरल हो रहा है ।इस हमले युवक का दोस्त भी गंभीर रूप से घायल हो गया, उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वारदात के बाद नाराज लोगों ने आरोपियों के घर पहुंचकर जमकर तोडफोड़ की। मामले में 2 मास्टरमाइंड समेत 7 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में यह बात सामने आई है, दोनों पक्षों के बीच तकरीबन एक सप्ताह पहले इंस्टाग्राम स्टोरी को लेकर विवाद हुआ था, जो बाद में मारपीट तक पहुंच गया। इस मामले में थाने में शिकायत भी दर्ज कराई गई थी। हालांकि हत्या की सबसे बड़ी वजह बनी, इंस्टाग्राम स्टोरी क्या थी, फिलहाल इसकी स्पष्ट जानकारी अभी सामने नहीं आई है। हत्या के बाद इलाके में तनाव का माहौल है। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है ।रवि यादव (22) रामसागर पारा का निवासी था और डीजे ऑपरेटर के रूप में काम करता था। महेंद्र गंगवानी फेरी लगाकर अपना व्यापार करता है। बताया जा रहा है कि करीब एक सप्ताह पहले रवि और महेंद्र के बीच इंस्टाग्राम स्टोरी को लेकर विवाद हुआ था। विवाद बढ़ते-बढ़ते मारपीट में बदल गई, जिसकी शिकायत थाने में दर्ज कराई गई थी। इसके बाद कुछ दिनों तक मामला शांत रहा। रविवार देर रात रवि किसी कार्यक्रम में शामिल होकर घर लौट रहा था, जब वह रामसागर पारा पहुंचा तो उसे महेंद्र मिल गया। दोनों में दोबारा विवाद हो गया। जो कि हिंसक रूप ले लिया। महेंद्र ने अपने नाबालिग बेटे और दोस्तों के साथ मिलकर रवि को जमकर पीटा। आरोपियों के हाथों में चाकू, ईंट और लाठी था। रवि के सिर और शरीर के कई हिस्से पर लगातार वार किए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर लहूलुहान हालत में मौके पर ही गिर पड़ा और घटनास्थल पर मौत हो गई। बीच-बचाव करने पहुंचे रवि के एक दोस्त पर भी हमला किया गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल दोस्त को अस्पताल पहुंचाया। जहां उसका इलाज जारी है। वहीं, रवि के शव का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भिजवाया और 7 आरोपियों को गिरफ्तार कर ज्यूडिशियल रिमांड पर जेल भेज दिया है।

## न ट्रंप मेरी हर बात मानते हैं; न मैं उनकी सुनता हूं: नेतन्याहू

**यरूशलम,22 जून।** पश्चिम एशिया में जारी भारी तनाव के बीच इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ अपने संबंधों को लेकर एक बड़ा और चौंकाने वाला बयान दिया है. इस दौरान नेतन्याहू ने कहा, दोनों नेता हमेशा एक दूसरे की बात को पूरी तरह से स्वीकार नहीं करते हैं क्योंकि वो स्वतंत्र देशों के नेता हैं. हमेश एक-दूसरे की हर इच्छा पूरी नहीं कर सकते. नेतन्याहू ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप वह सब कुछ नहीं करते जो मैं चाहता हूं और न ही मैं वो सब कुछ करता हूं जो वो चाहते हैं. कभी-कभी हमारी राय बहुत से मुद्दों पर एक-दूसरे से अलग होती है.इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ अपने संबंधों को लेकर खुलकर बात की है. हालांकि, अभी ये साफ नहीं है कि उन्होंने ये बातें किस संदर्भ में कही हैं. एक अंतरराष्ट्रीय नीति सम्मेलन को संबोधित करते हुए इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि भले ही अमेरिका और इजरायल करीबी सहयोगी हों, लेकिन दोनों देशों के बीच हमेशा हर मुद्दे पर सहमति नहीं बन पाती है.इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने इंटरनेशनल पॉलिसी सब्मिटी में बोलते हुए कहा कि अमेरिकी प्रेसीडेंट वह सब कुछ नहीं करते जो मैं उनको कहटन हूं, न ही मैं वो सब कुछ करता हूं जो वो चाहते हैं. उन्होंने जोर देकर कहा कि वे दोनों आजाद और गर्व करने वाले देशों के नेता हैं और यह स्वाभाविक है कि कभी-कभी उनकी राय एक-दूसरे से अलग हो.

## यूएस में भारतीय मूल के युवक ने अपने पूरे परिवार को भून डाला

**वाशिंगटन,22 जून।** अमेरिका के टेक्सास में भारतीय मूल के एक लड़के ने कथित तौर पर गोली मारकर अपने पूरे परिवार को खत्म कर दिया. आरोपी का नाम गौरव चोपड़ा है जिसकी कार को पीछा कर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. 19 साल के गौरव चोपड़ा ने कथित तौर पर अपने ही माता-पिता और दादी पर फायरिंग कर दी. इस हमले में पिता स्वीरा राम, मां कमलेश रानी और दादी मिंदर कौर की मौत हो गई. गौरव चोपड़ा पर आरोप है कि उसने अपने भाई पर भी जानलेवा हमला किया, लेकिन वह बाल-बाल बच गया. इसके बाद उसने तुरंत पुलिस को इस घटना की सूचना दी.जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिलते ही तुरंत मौके पर पहुंची. पुलिस को मौके पर दो पीड़ित मृत मिले जबकि इस बीच आरोपी मौके का फायदा उठाकर भाग चुका था. तीसरे पीड़ित स्वीरा राम को अस्पताल ले जय गया जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई. आरोपी को कार से भागने के क्रम में पुलिस ने पीछा कर गौरव चोपड़ा को पकड़ लिया. इस पीछा करने में दो लोग घायल हुए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा. आरोपी गौरव चोपड़ा की कार से एक हैंडगन बरामद हुई और



पुलिस को शक है कि शायद उसी हथियार का इस्तेमाल करके उसने अपने परिवार को समाप्त कर दिया है. आरोपी गौरव चोपड़ा को गुरुवार को अदालत में पेश किया गया और उस पर कई लोगों की हत्या और हत्या की कोशिश का आरोप लगाया गया. अधिकारियों ने घटना के पीछे की वजह का खुलासा नहीं किया है. आरोपी गौरव चोपड़ा यूनिवर्सिटी ऑफ़ टेक्सास रियो ग्रांडे वैली स्कूल में पढ़ता है. यूनिवर्सिटी ने एक बयान में कहा कि उसे पता है कि कैंपस के बाहर चल रही एक आपराधिक जांच में उसके एक मौजूदा छात्र की पहचान हुई है और जो भी संभव होगा वो पुलिस को मदद मिलेगी.

# सीधी अंगुली से घी नहीं निकलता है तो टेड़ी करनी पड़ती है

राजनीति में सफल वही माना जाता है जो तय कर ले यह काम करना है और किसी भी तरीके से करना है और करने में सफल होता भी है।देश हित में कोई काम सहयोग मांगने से होता है तो समझदार नेता सहयोग मांगता है और मांगने पर जब सहयोग नहीं मिलता है तो उसे पता है कि देशहित के लिए काम के लिए दूसरे तरीके से कैसे सहयोग जुटाया जा सकता है। संसद के पिछले सत्र में पीएम मोदी महिला आरक्षण व डिलिमिटेशन विधेयक को पास कराने के लिए कांग्रेस सहित सभी दलों से सहयोग की अपील की थी,यह कहने पर कि इसका श्रेय तो सरकार को मिलेगा,पीएम मोदी ने कहा था कि वह इसका श्रेय विपक्ष के नेताओं को देने को तैयार है,फिर भी विपक्ष ने विधेयक के विरोध में मत दिया और महिला आरक्षण व डिलिमिटेशन विधेयक संसद में पारित नहीं हो सका।तब राहुल गांधी सहित विपक्ष के नेता बहुत खुश हुए थे कि संसद के भीतर उन्होंने मोदी को हरा दिया। पीएम मोदी ने अगर महिलाओं से वादा किया है कि उनको संसद में आरक्षण दिया जाएगा तो वह इसे पूरा करके दिखाएंगे भी। क्योंकि मोदी जो वादा करते हैं,उसे पूरा भी करते हैं। भले ही उसमें कुछ वक्त लग जाए। संसद के पिछल सत्र में पीएम मोदी आरक्षण व डिलिमिटेशन विधेयक को संख्या बल नहीं होने के कारण पास नहीं करवा पाए थे और देश की महिलाओं को बता दिया था कि सरकार तो चाहती है कि महिलाओं को संसद में आरक्षण मिले, संसद में सीटों की संख्या बढ़े ताकि महिलाओं को आरक्षण भी मिल सके और पुरुष सांसदों की सीटें भी कम न हों।मोदी सरकार को महिला आरक्षण व डिलिमिटेशन विधेयक पारित कराने के लिए संख्या बल बढ़ाना होगा। सहयोग से यह संख्या बल बढ़ा नहीं तो अब मोदी सरकार कूटनीति से यह संख्या बल बढ़ाने का प्रयास कर रही है। संसद में सीधी अंगुली से घी नहीं निकला तो अब अंगुली टेड़ी कर घी निकाला जा रहा है। यह काम मोदी सरकार करना नहीं चाहती थी लेकिन विपक्ष ने स्थिति ही ऐसी बना दी है कि अंगुली टेड़ी करनी पड़ रही है क्योंकि कई डिब्बों से घी निकाला जरूरी हो गया है।अहंकारी नेताओं को बताना जरूरी हो गया था कि तुम्हारी औकात नहीं है कि जब हम अंगुली टेड़ी करेंगे तो तुम घी निकालने से रोक सको। सबसे पहले मोदी सरकार ने पं.बंगाल में ममता दीदी का घमंड तोड़ा।वह खुद को मोदी को हराने वाला बताकर खुश होती है और बताती थी कि ऐसा कोई नहीं देश में जो मोदी को उनके समान हरा सके।वह मोदी को हराती रही तो कोई फर्क नहीं पड़ा लेकिन इसबार पीएम मोदी ने ममता को हराया तो बहुत फर्क पड़ गया है। ममता खुद चुनाव हारी है, उनकी पार्टी चुनाव हारी और उनके जितने विधायक चुने गए उसमें से आधे से ज्यादा उससे अलग हो गए है, जितने सांसद थे उनमें से भी ज्यादातर ममता से अलग हो गए हैं।यानी विपक्ष जिस संख्या बल का घमंड कर रहा था, वह संख्या बल अब मोदी सरकार ने कम करना शुरू कर दिया है।पं. बंगाल की शेरनी ममता को भाजपा ने हराकर बिल्ली बना दिया है। वह अब कुछ करना चाहकर भी कुछ नहीं कर सकती। उसके बीस सांसदों ने संसद में भाजपा का समर्थन करने का फैसला किया है। इससे भाजपा के पास बीस सासंद बढ़ गए हैं। सात राज्यसभा सांसद आप से अलग होकर भाजपा के पक्ष में पहले आ गए है।इससे राज्यसभा में भाजपा का संख्या बल बढ़ा है। अभी भाजपा को अपने बिल संसद में पास कराने के लिए और सासंदों की जरूरत है।जहां जहां से सासंद तोड़े जा सकते हैं, उनको तोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।शिवसेना उध्दव गुट के पास ९ सांसद है,आपरेशन टाइगर चलाकर इनको शिंदे गुट में शामिल करने की योजना पर महीनों से काम चल रहा था,पहले से तोड़कर अपने पाले में लाने की जरूरत नहीं थी इसलिए ठीक संसद सत्र के पहले ९ में से ६ सांसदों को तोड़ लिया गया है। वह शिवसेना उध्दव गुट से अलग हो गए हैं और लोकसभा अध्यक्ष को पत्र लिखकर अलग गुट का दर्जा देने को कहा है।भाजपा ने महाराष्ट्र में शिवसेना को दूसरी बार तोड़ा है क्योंकि उध्दव ठाकरे को भी बड़ा घमंड था कि वह महाराष्ट्र मे शाह व मोदी से बड़े नेता हैं।आज उनको एहसास हो रहा होगा कि बड़े नेता तो शाह व मोदी है क्योंकि वह जो चाहते हैं वह कर लेते हैं। शाह के बार में कहा जाता है कि वह अपना और पार्टी का अपमान नहीं भूलते है और धोखा देने वाले को ऐसी सजा देते हैं कि वह जिंदगी भर याद करता है कि उसने शाह को धोखा दिया था और उसकी उसे यह सजा मिली है।डीएमके कांग्रेस से नाराज है,डीएमके को भाजपा सरकार का सहयोग करने के लिए मनाने का प्रयास किया जाएगा। बाकी दलों से भी सहयोग जुटाने का प्रयास किया जाएगा।अभी वक्त है कई दलों के सासंद बाकी हैं,उनको अपने पाले में लाने का प्रयास जारी है।जो टूट सकते हैं, उनको तोड़ा जाएगा जो सहयोग देने को राजी हो जाते हैं, उनका सहयोग लिया जाएगा और पिछले संसद सत्र में जो काम पूरा नहीं हो सका था उसे इस सत्र मे पूरा करने का प्रयास किया जाएगा।कांग्रेस इस बात को समझ रही है यही वजह है कि कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा है कि यह पूरा घटनाक्रम लोकसभा में एनडीए के लिए दो तिहाई बहुमत सुनिश्चित करने की व्यापक राजनीतिक रणनीति का हिस्सा है। अब कांग्रेस आरोप लगाते रहे कि लोकतांत्रिक परंपरा व संवैधानिक मूल्यों की अनदेखी की जा रही है। देखा जाए तो इसके लिए कांग्रेस भी तो दोषी है। महिला आरक्षण बिल पास कराने कांग्रेस व विपक्ष ने मोदी सरकार को सहयोग किया होता तो आज मोदी सरकार को वह सब नहीं करना पड़ता जो न चाहकर भी करना पड़ रहा है।अब विपक्ष संख्या बल बढ़ाने के लिए मोदी सरकार की कितनी भी आलोचना करे।मोदी सरकार पिछले संसद सत्र में जो काम नहीं कर पाई थी, उसे इस बार पूरा करने कटिबध्द है। पीएम मोदी व शाह जब कोई लक्ष्य तय कर लेते हैं और यह तय कर लेते हैं कि उसे कब तक पूरा करना है तो इसके रास्ते में आने वाली बाधाओं की पूरी जानकारी उनके पास होती है। उन बाधाओं को पार करने अपने लक्ष्य तक कैसे पहुंचना है,उसका पूरा रोड मैप उनके पास होता है।पीएम मोदी से पहले तो सही रास्ते से सभी के सहयोग से महिला आरक्षण व डिलिमिलिटेशन का प्रयास किया। वह जानते थे कि विपक्ष सहयोग नहीं करेगा फिर भी उन्होंने सहयोग मांगा ताकि जब बिना विपक्ष के सहयोग से इस काम को पूरा किया जाए तो विपक्ष के पास कहने को कुछ न बचे और काम का पूरा श्रेय मोदी सरकार को मिले और उसका पूरा राजनीतिक लाभ २०२९ के लोकसभा चुनाव में मिले। राहुल गांधी कहते हैं कि जिम्मेदारी और ईमानदारी मोदी सरकार की सोच से परे हैं तो पीएम मोदी अगले चुनाव में राहुल गांधी को बताएंगे कि ईमानदारी व जिम्मेदारी के कारण वह चौथी बार पीएम बने हैं और राहुल गांधी न ईमानदार हैं और न ही जिम्मेदार है इसलिए जनता ने उनको चौथी बार नकार दिया है।

विशेष लेख

# छत्तीसगढ़ के उच्च शिक्षा क्षेत्र में 'PM-USHA' की महा-क्रांति

## भौगोलिक दूरियां होंगी खत्मः वनांचलों से लेकर शहरों तक पहुंच रही आधुनिक शिक्षा




विष्णु प्रसाद वर्मा,सहायक संचालक

छत्तीसगढ़ के उच्च शिक्षा जगत में एक नए युग का सूत्रपात हो चुका है। वर्ष 2014 से 2026 के बीच केंद्र सरकार से मिली प्रमुख स्वीकृतियों और सौगातों की श्रृंखला में 'प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान' (PM-USHA) राज्य के लिए वरदान साबित हो रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP 2020) के प्रभावी क्रियान्वयन, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों की नैशनल असेसमेंट एंड एक्रेडिटेशन काउंसिल (NAAC) ग्रेडिंग में सुधार, और अनुसंधान (Research) के साथ-साथ गुणवत्तापूर्ण बुनियादी ढांचे के विकास के लिए केंद्र सरकार द्वारा भारी-भरकम वित्तीय अनुदान की स्वीकृति दी गई है। यह योजना पूर्ववर्ती राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (RUSA) का ही एक परिष्कृत और अधिक उन्नत रूप है।

**अधोसंरचना विकास के लिए मिला 'मेगा बजट'**- इस योजना के तहत देश भर के लिए कुल 12,926.10 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। इस विशाल बजट का एक बड़ा और महत्वपूर्ण हिस्सा छत्तीसगढ़ के हिस्से आया है। योजना के तहत छत्तीसगढ़ राज्य में चयनित पात्र शासकीय विश्वविद्यालयों को मल्टी-डिसिप्लिनरी एजुकेशन एंड रिसर्च यूनिवर्सिटीज़ (MERU) के अंतर्गत प्रति संस्थान 20 करोड़ से लेकर 100 करोड़ रुपए तक का भारी-भरकम अनुदान मिल रहा है। वहीं, चिन्हित शासकीय महाविद्यालयों को बुनियादी ढांचे के सुदृढ़ीकरण (Grants to Strengthen Colleges) के लिए 5 करोड़ रुपए तक का प्रोजेक्ट-बेस्ड अनुदान स्वीकृत किया जा रहा है। इस वित्तीय भार का वहन केंद्र और राज्य सरकार द्वारा 60:40 के अनुपात (60% केंद्रांश और 40% राज्यांश) में किया जा रहा है।

**धरातल पर उतरी योजनाः स्मार्ट क्लासरूम और आधुनिक लैब का निर्माण जारी**-छत्तीसगढ़ में यह योजना केवल कागजों तक सीमित नहीं है, बल्कि धरातल पर तेजी से प्रगति कर रही है। छत्तीसगढ़ शासन के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा केंद्र सरकार के साथ समझौता ज्ञापन (MoU) निष्पादित किया जा चुका है। वर्तमान में, चयनित कॉलेजों द्वारा विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (DPR) तैयार कर पोर्टल पर अपलोड की जा रही है। इसके साथ ही, राज्य के शिक्षण संस्थानों में स्मार्ट क्लासरूम, आधुनिक लैब, और कंप्यूटर सेंटर जैसे अत्याधुनिक अधोसंरचना निर्माण का कार्य युद्धस्तर पर जारी है।

**बस्तर से सरगुजा तक सभी 33 जिलों को मिल रहा है सीधा लाभ**-PM-USHA योजना का सबसे खूबसूरत पहलू इसका समावेशी होना है। इस परियोजना का लाभ छत्तीसगढ़ के समस्त 33 जिलों को मिल रहा है। योजना के तहत विशेष रूप से राज्य के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों और दूरस्थ अंचलों जैसे बस्तर संभाग और सरगुजा संभाग,कम सकल नामांकन अनुपात (GER) वाले क्षेत्रों,आकांक्षी जिलों जैसे धमतरी, गरियाबंद, महासमुंद आदि के शासकीय कॉलेजों को प्राथमिकता के आधार पर शामिल किया गया है, ताकि विकास की दौड़ में पीछे छूटे क्षेत्रों को मुख्यधारा में लाया जा सके।

**5 लाख से अधिक छात्र-छात्राओं के सपनों को उड़ान**-इस दूरदर्शी परियोजना से राज्य के विभिन्न शासकीय शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत लगभग 5 लाख से अधिक छात्र-छात्राएं सीधे लाभान्वित हो रहे हैं। इस योजना का सबसे बड़ा फायदा ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों, अनुसूचित जनजाति (ST), अनुसूचित जाति (SC) और महिला वर्ग के छात्र-छात्राओं को मिल रहा है। अब छत्तीसगढ़ के वनांचलों और दूरदराज के गांवों के युवाओं को भी वैश्विक स्तर की आधुनिक शिक्षा और अनुसंधान की सुविधाएं अपने ही राज्य में सुलभ हो रही हैं, जो उनके सुनहरे भविष्य की मजबूत नींव रख रही हैं।

## राशिफल

मेष आज आपका मन काम में पूरी तरह नहीं लग पाएगा और छोटी-छोटी बातों से ध्यान भटक सकता है। काम की रफ्तार थोड़ी धीमी रहने से आपको खुद पर थोड़ा दबाव महसूस होगा। पिताजी के साथ किसी बात को लेकर हल्की नोकझोंक हो सकती है, लेकिन उनकी बातों को समझना और सम्मान देना आपके लिए फायदेमंद रहेगा।

वृषभ आज का दिन थोड़ी चुनौतियों के साथ शुरू हो सकता है। काम में मन कम लगेगा और कुछ लोग आपको भटकाने की कोशिश भी कर सकते हैं, लेकिन समझदारी इसी में होगी कि आप अपना ध्यान अपने लक्ष्य पर बनाए रखें। विद्यार्थियों को पढ़ाई में पूरी एकाग्रता के साथ जुटना होगा, क्योंकि आने वाला समय मेहनत मांग रहा है।

मिथुन आज आर्थिक मामलों में किस्मत आपका अच्छा साथ दे सकती है। रुका हुआ या डूबा पैसा वापस मिलने की संभावना है, जिससे मन हल्का महसूस करेगा। बोलचाल में थोड़ा संयम रखना जरूरी होगा, क्योंकि आपकी कही गई बात किसी को चुभ सकती है। नए लोगों से संपर्क बढ़ेंगे और भविष्य में यही रिश्ते आपके काम आ सकते हैं।

कर्क आज का दिन थोड़ा उलझनों भरा रह सकता है। संतान की संगति और गतिविधियों पर नजर रखना जरूरी होगा। यदि आप अपने कामों के लिए दूसरों पर ज्यादा निर्भर रहेंगे, तो मुश्किलें बढ़ सकती हैं। सामाजिक मामलों में लापरवाही आपके लिए परेशानी खड़ी कर सकती है, इसलिए हर कदम सोच-समझकर उठाएं।

सिंह आज का दिन आपके लिए सफलता और आत्मविश्वास लेकर आएगा। जिस काम में हाथ डालेंगे, उसमें अच्छे परिणाम मिलने की पूरी संभावना है। संतान के भविष्य को लेकर आप कोई बड़ा कदम उठा सकते हैं, जैसे नए कोर्स में दाखिला दिलाना। परिवार में धन से जुड़ा रुका हुआ काम भी पूरा हो सकता है।

कन्या आज आपका मान-सम्मान बढ़ेगा और लोग आपकी मधुर वाणी से प्रभावित होंगे। बेवजह की चिंता आपके मन का संतुलन बिगाड़ सकती है, इसलिए छोटी बातों को दिल पर न लें। परिवार के बड़े सदस्यों की सेहत पर ध्यान देना जरूरी होगा। नया वाहन खरीदने का विचार आपके लिए शुभ साबित हो सकता है।

तुला आज का दिन आपके लिए नई उम्मीदें और सकारात्मक बदलाव लेकर आएगा। कुछ नया करने की इच्छा मजबूत होगी और निवेश से जुड़े फैसलों में भी आप आगे बढ़ सकते हैं। संतान के करियर से जुड़ी परेशानियां धीरे-धीरे दूर होती नजर आएंगी। कार्यक्षेत्र में अपनी निजी या जरूरी बातें किसी से साझा करने से बचें।

वृश्चिक आज का दिन थोड़ा उलझनों और मेहनत से भरा रह सकता है। काम ज्यादा रहेगा, लेकिन उसके अनुसार परिणाम न मिलने से मन में बेचैनी हो सकती है। पूजा-पाठ और आध्यात्मिक कार्यों में मन लगेगा, जिससे मानसिक शांति मिलेगी। जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बिताने का मौका मिलेगा। पुरानी गलतियों से सीख लेकर आगे बढ़ना आपके लिए जरूरी होगा।

धनु आज हर काम सोच-समझकर करने की जरूरत होगी। प्रॉपर्टी से जुड़ा कोई मामला आपको परेशान कर सकता है और उसके लिए बड़ा फैसला लेना पड़ सकता है। विद्यार्थियों को पढ़ाई में लापरवाही से बचना होगा। सेहत को लेकर थोड़ा सतर्क रहें और अपनी दिनचर्या पर ध्यान दें।

मकर आज नया काम शुरू करने के लिए समय अच्छा है। परिवार के रिश्तों में मजबूती आएगी और विरोधी आपकी बढ़ती पहचान देखकर खुद ही दूरी बना सकते हैं। राजनीति या सामाजिक क्षेत्र में आगे बढ़ने वाले लोगों को सतर्क रहना होगा। किसी और का वाहन चलाने से बचें, क्योंकि छोटी-सी गलती कानूनी परेशानी खड़ी कर सकती है।

कुंभ आज आपको अपनी कमाई और खर्चों के बीच संतुलन बनाकर चलने की जरूरत होगी। दिखावे में ज्यादा खर्च करना आगे परेशानी बढ़ा सकता है। किसी भी काम में जल्दबाजी करना नुकसानदेह साबित हो सकता है। विद्यार्थियों को परीक्षा के परिणाम से जुड़ी अच्छी खबर मिल सकती है, जिससे घर में खुशी का माहौल बनेगा। परिवार में किसी सदस्य से वादा करने से पहले अच्छी तरह सोच लें, ताकि बाद में परेशानी न हो।

मीन आज सेहत को लेकर दिन थोड़ा उतार-चढ़ाव भरा रह सकता है। मन किसी बात को लेकर परेशान रहेगा और पुराने कर्ज को चुकाने का दबाव भी महसूस हो सकता है। घर में किसी शुभ या मांगलिक कार्यक्रम की तैयारी शुरू होने से माहौल खुशियों से भर जाएगा। जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने जाने का मौका मिल सकता है, जिससे रिश्तों में नयापन आएगा। सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे लोगों को अपनी मेहनत और तेज करनी होगी, क्योंकि अच्छी खबर मिलने के संकेत बन रहे हैं।

# ईरान युद्ध से बहुध्रुवीय दुनिया का मार्ग हुआ मज़बूत

एड. संजय पांडे



पिछले कुछ वर्षों में पश्चिम एशिया के भू-राजनीतिक समीकरण तेज़ी से बदले हैं। अमेरिका और इज़राइल के संयुक्त सैन्य आक्रमण का सामना करते हुए ईरान न केवल युद्धभूमि में टिका रहा, बल्कि उसने सामरिक बढ़त भी हासिल कर ली। इस जीत के पीछे ईरान की स्वदेशी सैन्य क्षमता, जनता की एकजुटता और निर्णायक कूटनीति तो थी ही, लेकिन उसे एक मज़बूत आधार-स्तंभ भी प्राप्त हुआ – चीन। "12 दिवसीय युद्ध" और "रमज़ान युद्ध" जैसे ताज़ा संघर्षों में ईरानी जनता और उद्यमियों ने जो सामर्थ्य दिखाया और चीन ने जो आर्थिक, तकनीकी, राजनयिक और मानवीय मदद दी, उससे एक नया शक्ति-संतुलन उदय हुआ है। चीन ने ईरान की वास्तव में क्या मदद की, उपलब्ध जानकारी से चीन ने ईरान क्षेत्र में अपना प्रभाव कैसे बढ़ाया है और इन सबके चलते अमेरिकी वर्चस्व का काल इतिहास में दफ़न होता दिख रहा है। चीन ने ईरान को रणक्षेत्र से लेकर पुनर्निर्माण तक सभी स्तरों पर मदद पहुँचाई। सबसे पहले, चीन ने ईरान की आर्थिक जीवन-रेखा टूटने नहीं दी। पश्चिमी प्रतिबंधों के कारण जब कई देश ईरानी तेल खरीदने से डर रहे थे, तब चीन लगातार ईरान का सबसे बड़ा तेल ग्राहक बना रहा। चीन ईरानी और रूसी तेल का सबसे बड़ा खरीदार है, और पाइपलाइन व समुद्री मार्ग से होने वाले इस व्यापार के कारण ईरान के विदेशी मुद्रा स्रोत नहीं सूखे और युद्धकाल में भी अर्थव्यवस्था धराशायी नहीं हुई। इसके साथ ही, युद्धविराम और समझौते के लिए चीन ने अत्यंत सक्रिय राजनयिक समर्थन दिया। पाकिस्तान की मध्यस्थता से अमेरिका के साथ अप्रत्यक्ष वार्ता चल रही थी, तब चीन ने शुरू से ही ईरान के राजनयिक दृष्टिकोण का स्वागत किया। समझौता घोषित होने के बाद चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने ईरानी समकक्ष अब्बास अराग़ची से दूरभाष पर चर्चा करते हुए ईरान सरकार और जनता की दमन के विरुद्ध दृढ़ता तथा जिम्मेदार राजनयिक दृष्टिकोण की सराहना की। उन्होंने समझौते के सभी प्रावधानों के सटीक और पूर्ण कार्यान्वयन की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए चीन के सहयोग की तत्परता जताई। राजनयिक मोर्चे पर चीन ने रूस के साथ समन्वित भूमिका निभाई। चीन और रूस दोनों ने इस्लामाबाद समझौते का स्वागत किया। रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने अमेरिका और इज़राइल द्वारा समझौते के पालन की ज़िम्मेदारी पर बल दिया। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के समर्थन सहित अंतरराष्ट्रीय समुदाय को इस समझौते का समर्थन करना चाहिए, इस पर चीन-रूस सहमत हुए। इस राजनयिक मोर्चेबंदी से ईरान को अलग-थलग करने की अमेरिकी कोशिशें विफल रहीं। युद्ध के बाद के पुनर्निर्माण काल में भी चीन ने ईरान और लेबनान के साथ खड़े रहने की घोषणा की। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने स्पष्ट किया कि बीजिंग युद्धोपरांत पुनर्निर्माण को उच्च प्राथमिकता देता है और आर्थिक स्थिति व जन-जीवन सुधारने के लिए जल्द ही नई मानवीय सहायता भेजी जाएगी। इसके अलावा, इस्लामाबाद समझौते के तहत 300 अरब डॉलर का पुनर्निर्माण कोष बनाया जाएगा, जिसमें चीन की भी महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। सैन्य-तकनीकी मोर्चे पर भी चीन ने बड़ी मदद दी। हवाई रक्षा, ड्रोन प्रौद्योगिकी, मिसाइल प्रणाली और साइबर क्षमता में गहरे सहयोग से ईरान ने स्वदेशी क्षमता को मज़बूत कर इज़राइल की आयरन डोम प्रणाली को प्रभावी चुनौती दी। डिजिटल भविष्य के निर्माण के लिए भी चीन ईरान का प्रमुख भागीदार है। हाल ही में हुए ब्रिक्स फ्यूचर नेटवर्क इनोवेशन फोरम 2026 में ईरान ने विश्वसनीय कंप्यूटिंग पावर नेटवर्क (Trusted Computing Power Networks) विकसित करने हेतु सहयोग रूपरेखा प्रस्तावित की और इस पहल का नेतृत्व चीन के उद्योग एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने किया। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, औद्योगिक इंटरनेट ऑफ थिंग्स, स्मार्ट लॉजिस्टिक, आधुनिक वित्तीय प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में ईरान अपनी क्षमता बढ़ा रहा है और चीन इसमें प्रमुख तकनीकी भागीदार है। ईरान में चीन का प्रभाव विस्तार मात्र सरकारी राजनयिक संबंधों तक सीमित न रहकर अर्थव्यवस्था, प्रौद्योगिकी, वित्तीय बुनियादी ढाँचे और डिजिटल भविष्य तक फैला हुआ है। इस्लामाबाद समझौता घोषित होते ही ईरान ने चीन, रूस और ओमान के साथ उच्चस्तरीय राजनयिक समन्वय साधा। विदेश मंत्री अराग़ची ने चीन के वांग यी को समझौते के विवरण की जानकारी देते हुए ईरान-चीन संबंधों की रणनीतिक प्रकृति पर बल दिया और वार्ता के दौरान चीन के समर्थन के लिए आभार जताया। दोनों देशों ने ऊर्जा, व्यापार और निवेश में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने के अवसरों पर चर्चा की। इसी से संसद अध्यक्ष मोहम्मद बाघेर क़ालीबाफ़ की दूरदृष्टि स्पष्ट होती है। वे स्वयं ईरान के चीन प्रकरण के विशेष प्रतिनिधि हैं और उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि "भविष्य में कोई भी प्रादेशिक समूह उदय होगा, तो उसमें चीन और ईरान ये दो निश्चित और अनिवार्य सदस्य होंगे।" उनके अनुसार, "चीन हमारे लिए अद्वितीय है। हमें चीन को विश्वास दिलाना चाहिए कि हम केवल ग्राहक नहीं, बल्कि पूर्ण भागीदार हैं।" यह भूमिका चीन के साथ संबंधों को सामान्य व्यापार से सर्वांगीण रणनीतिक भागीदारी की ओर ले जाने के संकल्प को दर्शाती है।

इसी पृष्ठभूमि में ईरान चेंबर ऑफ कॉमर्स के उपाध्यक्ष ग़ादिर घियाफ़ेह ने रेखांकित किया कि चीन 2035 और 2050 तक कहाँ पहुँचेगा, इसे समझकर ईरान-चीन विकास दस्तावेज़ तैयार करना चाहिए। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, अत्याधुनिक तकनीक, विद्युत वाहन चीन की प्राथमिकताएँ हैं और उसी दिशा में ईरान को अपनी औद्योगिक व व्यापार नीतियाँ बनानी चाहिए। इससे चीन को ईरानी बाज़ार प्राथमिकता का लगेगा और ईरान चीन की मूल्य-शृंखला में अपना स्थान बना लेगा। इस नीति को मूर्त रूप देने के लिए विशेष आर्थिक क्षेत्रों में 'ईरान-चीन सहयोग विभाग' स्थापित करने का प्रस्ताव रखा गया। निर्यात बढ़ाने और निवेश आकर्षित करने के लिए ये क्षेत्र सुरक्षित व स्थिर वातावरण देंगे। इसके साथ ही ईरान-चीन संयुक्त निवेश कोष (Joint Investment Fund) बनाने का निर्णय लिया गया, जिससे चीन को दीर्घकालिक पूँजीगत भागीदारी सुनिश्चित हो सकेगी। इसके अतिरिक्त, ईरान चेंबर के अनुसंधान केंद्र प्रमुख ईसा मंसूरी ने लॉजिस्टिक टाउन खड़ा कर सीमा शुल्क, परिवहन और आर्थिक लेन-देन सुगम करने का प्रस्ताव रखा। चीनी कंपनियाँ वहाँ स्थापित होंगी तो स्थानीय स्तर पर आउटसोर्सिंग होगी और ईरान चीन के लिए पूर्व एशिया में आपूर्ति पुल (Supply Bridge) बनेगा। पेट्रोकेमिकल क्षेत्र में ईरान-चीन के साथ तुर्की, पाकिस्तान या क़तर जैसे तीसरे देश को शामिल कर नेटवर्क खड़ा करना चाहिए, जिससे ईरान व्यापारिक-औद्योगिक केंद्र बने, ऐसा भी सुझाव दिया गया। बुनियादी ढाँचे के मोर्चे पर चाबहार बंदरगाह और मकरान तेल शोधन परियोजना दो महत्वाकांक्षी परियोजनाएँ हैं। खान एवं खनिज आयोग ने 37 परियोजनाएँ चिह्नित कीं, जिनमें चाबहार बंदरगाह का निर्यात केंद्र के रूप में विकास, दुर्लभ खनिजों की खोज, गहन खनन और 25,000 खनन मशीनों की आपूर्ति ये चार परियोजनाएँ महत्वपूर्ण हैं। चीन ने चाबहार में निवेश किया तो ईरान पश्चिम एशिया और यूरेशिया का व्यापारिक केंद्र बन जाएगा। इसके अलावा, मकरान तटरेखा पर चीन को तेल शोधन संयंत्र लगाने देने का प्रस्ताव रखा गया, जहाँ ईरान कच्चा तेल देगा और चीन प्रसंस्कृत उत्पादों की स्वयं ढुलाई करेगा; इससे चीन को ऊर्जा सुरक्षा की गारंटी मिलेगी और ईरान कच्चे माल के बजाय मूल्यवर्धित उत्पादों का निर्यातक बनेगा। प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और संस्थागत निर्माण पर भी उतनी ही गंभीरता से ध्यान दिया जा रहा है। उद्योग आयोग ने ज़ोर देकर कहा कि सरकारी नीति स्थिर हो, क़ानूनों का सम्मान हो और शांति रहे, तो देशी निवेशक पुर्जे आयात करने के बजाय प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के लिए तैयार हैं। चीन के साथ संबंधों को अब केवल वित्तपोषण तक सीमित न रखकर रणनीतिक स्तर पर ले जाने के लिए 'एकीकृत कमान' बनाने की माँग की गई, ताकि समानांतर संस्थाएँ उत्पन्न न हों और केंद्रीकृत नीति-निर्माण हो सके। डिजिटल क्षेत्र में तो ईरान ने ब्रिक्स के मंच पर सक्रिय नेतृत्व दिखाया। ब्रिक्स फ्यूचर नेटवर्क इनोवेशन फोरम में ईरान ने भविष्य की डिजिटल बुनियादी संरचना, विश्वसनीय कंप्यूटिंग पावर नेटवर्क और सीमापार औद्योगिक सहयोग के लिए प्रस्ताव रखे और स्वयं को एक क्षेत्रीय प्रौद्योगिकी भागीदार के रूप में स्थापित करने का प्रयास किया। यह सहयोग केवल विचारों के आदान-प्रदान तक न रहकर प्रत्यक्ष संयुक्त परियोजनाओं, परीक्षण मंचों और औद्योगिक अनुप्रयोगों तक ले जाने का उद्देश्य है। इन सबको क़ालीबाफ़ के निर्णायक वक्तव्य ने राजनीतिक बल दिया। उन्होंने कहा, "अब हमें मिसाइल दाग़ने वाले नौजवानों के हाथों से मोर्चा अपने हाथ में लेकर जनता को आर्थिक दबाव से बाहर निकालना चाहिए और समृद्धि लानी चाहिए।" उन्होंने चीन के साथ आर्थिक सहयोग के लिए वित्तीय प्रणाली, लॉजिस्टिक, परिवहन और बुनियादी ढाँचे में मूलभूत सुधारों की आवश्यकता रेखांकित की। "हमें शिक्षा से लेकर बाज़ार और आपूर्ति श्रृंखला तक चीन के साथ एक साझा पारिस्थितिकी तंत्र में जुड़ना चाहिए," उनका यह वाक्य सहयोग की गहराई दर्शाता है। प्रतिबंधों को 'कागज़ का टुकड़ा' कहने वाले प्रबंधक न होने की बात कहते हुए वे आगे बोले, "अगर प्रतिबंध हटाने का अर्थ आत्मसमर्पण है, तो हम ऐसा कभी नहीं करेंगे; ईरानी जनता जान देगी लेकिन झुकेगी नहीं।" इसी के साथ इस्लामाबाद समझौते के बाद ईरान ने ओमान के साथ समुद्री सुरक्षा पर समन्वय बढ़ाया। होर्मुज़ जलडमरूमध्य से अंतरराष्ट्रीय समुद्री यातायात का सुरक्षित व अबाध मार्ग सुनिश्चित करने की वचनबद्धता दोनों देशों ने जताई। यह जलडमरूमध्य वैश्विक व्यापार और ऊर्जा सुरक्षा के लिए अहम है और चीन की ऊर्जा सुरक्षा को भी मज़बूत करता है। इन सब घटनाक्रमों से अमेरिका के एकध्रुवीय वर्चस्व का भविष्य क्या होगा, यह प्रश्न स्वाभाविक रूप से उठता है। ईरान-चीन-रूस की यह नई रणनीतिक त्रिकोणीय गठबंधन अमेरिकी वर्चस्व के अस्त होने का एक प्रबल संकेत है। सबसे पहले, डॉलर का हथियार अब पहले जैसा प्रभावी नहीं रहा। अमेरिका ने डॉलर का उपयोग आर्थिक शस्त्र के रूप में कर कई देशों को कठघरे में रखा था; लेकिन चीन-ईरान व्यापार युआन-रियाल में होने लगा और ब्रिक्स में वैकल्पिक मुद्रा प्रणाली पर चर्चा शुरू होने से डॉलर की पकड़ ढीली पड़ रही है।

इस्लामाबाद समझौते में अमेरिका को ईरान की जब्त संपत्ति छोड़ने और बंदरगाहों की नाकेबंदी ख़त्म करने का प्रावधान मानना पड़ा, यह एक तरह से पीछे हटना ही है। दूसरी ओर, शंघाई सहयोग संगठन, ब्रिक्स, बेल्ट एंड रोड जैसी अमेरिका के नाटो और जी-7 के विकल्प बनी बहुध्रुवीय संस्थाएँ मज़बूत हो रही हैं। ईरान इन सभी संगठनों का सक्रिय सदस्य बन गया है और ब्रिक्स फ्यूचर नेटवर्क फोरम में उसने चीन के नेतृत्व में डिजिटल बुनियादी ढाँचे की रूपरेखा तैयार करना, यह अमेरिकी प्रौद्योगिकी वर्चस्व को सीधी चुनौती है। सैन्य मोर्चे पर भी अमेरिकी अपराजेयता का भ्रम टूट गया है। ईरान ने ड्रोन और मिसाइल हमलों द्वारा इज़राइल की हवाई रक्षा प्रणाली को भेदा, तब अमेरिकी हथियारों पर खड़ी इज़राइल की अभेद्यता का दबदबा ढह गया। पश्चिम की तकनीक अंतिम नहीं है, यह चीन के सहयोग से सिद्ध हुआ। युद्धविराम समझौते में अमेरिका को इज़राइल को लेबनान पर हमले रोकने के लिए बाध्य करने की ईरानी शर्त माननी पड़ी, यह अमेरिकी कूटनीति की सीमाएँ दर्शाता है। आर्थिक और तकनीकी केंद्र भी अब स्थानांतरित हो रहा है। दुनिया का सबसे बड़ा उत्पादन केंद्र चीन है और एआई, विद्युत वाहन, क्वांटम प्रौद्योगिकी में चीन ने बढ़त ले ली है। ईरान जैसे देश अब पूँजी, प्रौद्योगिकी और भविष्य के रोज़गार के लिए अमेरिका की नहीं, बल्कि चीन की ओर देख रहे हैं। जैसा कि लेखों से दिखा, ईरान स्वयं को चीन की मूल्य-शृंखला में बैठाना चाहता है, वहीं दूसरी ओर ब्रिक्स प्लस के माध्यम से डिजिटल भविष्य की रूपरेखा बना रहा है। यह अमेरिका के वैश्विक अर्थव्यवस्था के केंद्र में होने की स्थिति को बड़ी चुनौती है।इससे भी अधिक महत्वपूर्ण बात है वैश्विक दक्षिण गोलार्ध की बढ़ती आवाज़। चीन ने स्पष्ट रूप से कहा है कि संयुक्त राष्ट्र में उभरती बाज़ार अर्थव्यवस्थाओं का प्रतिनिधित्व अपर्याप्त है और वैश्विक दक्षिण की आवाज़ अधिक सुनी जानी चाहिए। चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने वैश्विक प्रशासन को अधिक न्यायपूर्ण व संतुलित बनाने के लिए श्वेतपत्र जारी करते हुए कहा, "छोटा हो या बड़ा, सभी देश अंतरराष्ट्रीय समुदाय के समान सदस्य हैं।" ईरान-चीन भागीदारी इस बदलती वैश्विक व्यवस्था का एक मूर्त आधार-स्तंभ है।

अमेरिकी एकध्रुवीय शासन को नकार कर बहुध्रुवीय, नियम-आधारित किंतु पश्चिम के एकाधिकार से मुक्त वैश्विक व्यवस्था की नींव रखी जा रही है। हालाँकि, अमेरिकी वर्चस्व एक रात में पूरी तरह इतिहास नहीं बन जाएगा। अमेरिका के पास अभी भी विशाल सैन्य ठिकाने, तकनीकी क्षमता और आरक्षित मुद्रा के रूप में डॉलर का स्थान है। लेकिन एकध्रुवीय दुनिया का दौर निश्चित रूप से समाप्त हो रहा है और अनेक ध्रुवों वाली एक नई व्यवस्था उदय ले रही है, यह इन घटनाक्रमों से सिद्ध होता है। स्वयं अमेरिका को भी अब पाकिस्तान की मध्यस्थता से समझौता करना पड़ता है और युद्धविराम के बाद 60 दिनों में सर्वसमावेशी अंतिम समाधान निकालने की प्रतिबद्धता देनी पड़ती है, यह सच्चाई अमेरिकी वर्चस्व की सापेक्षिक गिरावट का स्पष्ट संकेत है। अंततः, ईरान को अमेरिका-इज़राइल के विरुद्ध युद्ध में मिली बढ़त और उसके बाद इस्लामाबाद समझौते के ज़रिए हासिल किया गया राजनयिक लाभ, चीन के दृढ़ और बहुआयामी समर्थन के बिना संभव नहीं था। चीन ने आर्थिक जीवन-रेखा, राजनयिक संरक्षण, तकनीकी सहयोग, युद्धोत्तर पुनर्निर्माण की गारंटी और ब्रिक्स जैसे मंचों पर साझा डिजिटल भविष्य की रूपरेखा बनाकर ईरान को एक सर्वांगीण रणनीतिक भागीदार बनाया है। क़ालीबाफ़ के शब्दों में कहें तो, "चीन और ईरान किसी भी भावी प्रादेशिक समूह के निश्चित और अनिवार्य सदस्य" बन गए हैं। भले ही अमेरिकी वर्चस्व अभी पूरी तरह इतिहास न बना हो, किंतु ईरान-चीन-रूस का यह नया रणनीतिक गठबंधन, वैश्विक दक्षिण गोलार्ध की बढ़ती आवाज़ और बहुध्रुवीय संस्थाओं का सशक्तिकरण, उस वर्चस्व की नींव खोद रहे हैं, यह निर्विवाद है।

एक नजर

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर उपडाकघर कर्मचारियों ने किया योगाभ्यास



**कोंडागांव, 22 जून। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पोस्ट ऑफिस कोंडागांव में आज प्रातः 7 बजे से उपडाकघर कोंडागांव एवं आसपास के शाखा डाकघरों के कर्मचारियों द्वारा सामूहिक योगाभ्यास किया गया। कार्यक्रम में कर्मचारियों ने विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कर योग के महत्व को समझा तथा नियमित योग को अपने दैनिक जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर उपस्थित कर्मचारियों ने कहा कि योग शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने का प्रभावी माध्यम है। योगाभ्यास से तनाव कम होता है तथा कार्यक्षमता में वृद्धि होती है। कार्यक्रम का उद्देश्य कर्मचारियों एवं आमजन में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा योग को जन-जन तक पहुंचाना था।

### पत्नी पर जानलेवा हमला करने के आरोप में पति गिरफ्तार

**कांकेर, 22 जून। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के सिकसोड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कस्तूरा में अवैध संबंध के शक में पति ने पत्नी पर जानलेवा हमला कर दिया। इस दौरान बीच-बचाव करने आये चाचा ससुर को भी टांगी से मारकर घायल कर दिया। घटना के बाद पुलिस ने आरोपी पति सूरज लाल पोटाई को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया है। मामले की जानकारी देते हुए सिकसोड़ पुलिस ने बताया कि आरोपी सूरज लाल पोटाई 45 वर्ष शराब के नशे में पत्नी से विवाद करता था। 17 जून की रात करीब 12:15 बजे आरोपी ने पत्नी का किसी और के साथ अवैध संबंध होने की बात कहते हुए विवाद करने लगा। इस दौरान दोनों के बीच मे विवाद काफी बढ़ गया। गुस्से में आकर आरोपी सूरज लाल पोटाई ने कुल्हाड़ी से पत्नी के ऊपर हमला कर दिया। घायल युवती को देख उसे बचाने के लिए आये चाचा ससुर की बात को भी आरोपी ने नही समझा और उसके ऊपर भी हमला किया था। इस हमले में दोनों घायल हो गए।

### भैरमगढ़ में सीआरपीएफ, पुलिस व ग्रामीणों ने किया सामूहिक योग

**बीजापुर, 22 जून। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आज रविवार सुबह भैरमगढ़ हाई स्कूल मैदान में सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सीआरपीएफ 199 बटालियन के जवान, भैरमगढ़ थाना के पुलिसकर्मी और बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण शामिल हुए। सभी ने एक साथ योगासन और प्राणायाम कर स्वस्थ भारत÷ का संदेश दिया। भैरमगढ़ के इस इलाके में सुरक्षाबलों और ग्रामीणों का एक साथ योग करना अहम माना जा रहा है। इससे पुलिस-जनता के बीच भरोसा और सामंजस्य बढ़ता है। कार्यक्रम में योग के शारीरिक और मानसिक फायदों के बारे में भी बताया गया।

### कांकेर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन

**कांकेर,22 जून। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** रामप्रसाद पोटाई कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, सिंगारभाट कांकेर में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का शुभारंभ प्रभारी अधिष्ठाता, डॉ. पी. एस. मरकाम एवं प्रभारी रा.से.यो. डॉ. अनिल दिव्य के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में कु. वर्षा रानी साहु द्वारा सभी को योगाभ्यास कराया गया साथ ही प्रत्येक योग का शरीर के किस भाग पर विशेष उपयोगी होता है इसकी जानकारी भी प्रदान किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा मानव श्रृंखला निर्मित कर योग के उद्देश्य को लोगो तक पहुंचाने का संदेश दिया गया साथ ही योगासन कर लोगों को शारीरिक सुदृण्ड करने का भी संदेश दिए। प्रभारी अधिष्ठाता डॉ. पी. एस. मरकाम ने अपने उद्बोधन में योग के अवधारणा को प्रकाश में लाते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ कार्यालयीन स्टाफ एवं छात्रो को मानसिक, शारीरिक अवसाद से बचने के लिए योग को दैनिक जीवन में अपनने की अपील किये एवं शिक्षा के लिए अनुकुल वातावरण निर्मित करने पढ़ाई के साथ-साथ योग को आवश्यक बताया।

# बीजापुर जिला स्तरीय योगाभ्यास कार्यक्रम में दिया संदेश योग से स्वस्थ मन और स्वस्थ तन का

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर, 22 जून।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला संसाधन केंद्र (डीपीआरसी) बीजापुर में जिला स्तरीय सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस एवं वन विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों सहित बड़ी संख्या में नागरिकों और पुनर्वासित युवाओं ने सहभागिता कर योग के प्रति अपनी जागरूकता एवं प्रतिबद्धता का परिचय दिया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक नीलकंठ टेकाम ने दीप प्रज्वलन एवं योगाभ्यास के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनाता है। उन्होंने सभी नागरिकों से योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने की अपील करते हुए कहा कि नियमित योगाभ्यास स्वस्थ और संतुलित जीवन की आधारशिला है।

विधायक श्री टेकाम ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में योग तनावमुक्त रहने, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने तथा शरीर को स्वस्थ रखने का सबसे सरल और प्रभावी माध्यम है। उन्होंने लोगों को प्रतिदिन योग करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मन से ही समृद्ध समाज एवं राष्ट्र का निर्माण संभव है।इस दौरान उपस्थित जनसमूह को नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प दिलाया।

कार्यक्रम में कलेक्टर विश्वदीप, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमन झा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चंद्रकांत गवर्ना, अपर कलेक्टर भूपेन्द्र अग्रवाल, संयुक्त कलेक्टर जागेश्वर कौशल एवं उत्तम सिंह पंचारी सहित जिला प्रशासन, पुलिस विभाग, वन विभाग तथा अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने सामूहिक योगाभ्यास किया। योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान की गतिविधियों का अभ्यास किया। विशेष रूप से पुनर्वासित युवाओं ने भी कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और पूरे उत्साह के साथ योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। उनकी सक्रिय भागीदारी ने कार्यक्रम को और अधिक प्रेरणादायी बना दिया। कार्यक्रम के दौरान योग के महत्व, स्वस्थ जीवनशैली और मानसिक संतुलन बनाए रखने में योग की भूमिका पर भी प्रकाश डाला गया। पूरे आयोजन में उत्साह, अनुशासन और सकारात्मक ऊर्जा का वातावरण देखने को मिला।

# 12 सड़कों का निरीक्षण पूरा अब रातों-रात बन रहे बिल

- पीएमजीएसवाय में मची हलचल, खबर प्रकाशित होते ही भुगतान प्रक्रिया में आई तेजी
- मार्च से लंबित करोड़ों के बिल अब हो रहे जारी, पूर्णता प्रमाणपत्रों पर फिर उठे सवाल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता/ राजकुमार कोण्डागुरला




**बीजापुर 22 जून।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में करोड़ों रुपए के लंबित भुगतान और 12 सड़कों को कागजों में पूर्ण दर्शाने के मामले में तरुण छत्तीसगढ़ समाचार पत्र में प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद विभाग में अचानक हलचल तेज हो गई है। इन दिनों ईई नवीन तोड़ें ने करवट बदली है। भ्रष्टाचार करने के नए-नए आयामों के बीच ठेकेदारों के बिलों का भुगतान किया जा रहा है। 12 सड़कों को पोर्टल में पूर्ण दिखा कर बिल भुगतान हेतु अवैध वसूली का जरिया उजागर होने के बाद अब साहब दिन-रात सभी सड़कों का निरीक्षण कर बिल भुगतान करने पर जोर दे रहे हैं। उल्लेखनीय है कि भुगतान लंबित होने का मामला उजागर होने के बाद विभागीय अधिकारी दिन-रात सड़क निर्माण कार्यों का निरीक्षण करने में जुट गए हैं और ठेकेदारों के लंबित बिलों को तेजी से तैयार कर भुगतान की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

सूत्रों के मुताबिक, जिन 12 सड़क निर्माण कार्यों को मार्च 2026 के अंतिम सप्ताह में ऑनलाइन पोर्टल में कम्प्लीट दिखाया गया था, उन्हीं कार्यों के भुगतान महीनों से लंबित थे। मामला सार्वजनिक होने के बाद अब विभागीय अमला सक्रिय दिखाई दे रहा है। इससे यह सवाल भी खड़ा हो गया है कि यदि सड़कें वास्तव में मार्च में पूर्ण हो चुकी थीं, तो भुगतान जारी करने में तीन महीने की देरी क्यों हुई?

**पांच दिनों में 12 सड़कें पूर्ण, अब उठ रहे गंभीर सवाल:** जानकारी के अनुसार 27 मार्च से 31 मार्च 2026 के बीच मात्र पांच दिनों में 12 सड़क निर्माण कार्यों को पूर्ण घोषित कर क्व्लस्ड्ड के ऑनलाइन पोर्टल में दर्ज कर दिया गया। लेकिन जमीनी हकीकत और भुगतान की स्थिति को लेकर लगातार सवाल उठ रहे हैं।

आरोप है कि विभागीय प्रगति बेहतर दिखाने और उच्च अधिकारियों के समक्ष उपलब्धि प्रस्तुत करने के उद्देश्य से कार्यों को जल्दबाजी में पूर्ण दर्शाया गया, जबकि कई कार्यों में स्वीकृत राशि की तुलना में बेहद कम भुगतान किया गया।

**बदले साहब के तेवर:** मामले को लेकर समाचार प्रकाशित होने के बाद विभाग की कार्यशैली में अचानक बदलाव देखा जा रहा है। जिन कार्यों के करोड़ों रुपये के बिलों का भुगतान महीनों से लंबित थे, वे अब तेजी से तैयार किए जा रहे हैं। विभागीय सूत्रों का दावा है कि निरीक्षण की प्रक्रिया भी युद्धस्तर पर जारी है।

**ठेकेदार आर्थिक संकट से जूझ रहे:** संबंधित ठेकेदारों का कहना है कि कार्य पूर्ण होने के बावजूद भुगतान नहीं मिलने से उन्हें भारी आर्थिक संकट का सामना करना पड़ा। मजदूरी, मशीन किराया और निर्माण सामग्री के भुगतान में परेशानी के कारण कई ठेकेदार कर्ज के बोझ तले दब गए हैं।

**भौतिक सत्यापन की मांग तेज:** स्थानीय जनप्रतिनिधियों और बुद्धिजीवियों ने मांग की है कि 12 सड़क निर्माण कार्यों की स्वतंत्र एजेंसी से भौतिक जांच कराई जाए तथा क्व्लस्ड्ड पोर्टल में दर्ज प्रगति और वास्तविक स्थिति का मिलान कराया जाए। यदि जांच में अनियमितता सामने आती है तो संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए।

**प्रभारी ईई ने साधी चुप्पी:** इस संबंध में प्रभारी कार्यपालन अभियंता नवीन तोड़े से संपर्क कर उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने इस मामले में किसी भी प्रकार की टिप्पणी करने से इंकार कर दिया।

**बड़ा सवाल:** जब सड़कें मार्च 2026 में ही पूर्ण हो चुकी थीं, तो करोड़ों रुपए का भुगतान आखिर जून तक क्यों रोका गया?

क्या केवल कागजों में सड़कें पूर्ण कर विभागीय उपलब्धि दिखाई जा रही थी, या फिर भुगतान को लेकर कोई और खेल चल रहा था? से लेकर क्षेत्र में चर्चाओं का दौर तेज है। लोगों का कहना है कि यदि मीडिया में मामला सामने नहीं आता, तो शायद ठेकेदारों को भुगतान के लिए और लंबा इंतजार करना पड़ता।

## पत्रकार सुरक्षा कानून के प्रभावी क्रियान्वयन और सुरक्षा समिति के पुनर्गठन की मांग, मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 22 जून।** छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द अवस्थी के मार्गदर्शन एवं निर्देशानुसार बीजापुर इकाई ने प्रदेश में पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सौंपा। संघ ने पत्रकार सुरक्षा कानून को प्रभावी ढंग से लागू करने तथा जिला स्तर पर गठित पत्रकार सुरक्षा समिति के पुनर्गठन की मांग की है। श्रमजीवी पत्रकार संघ बीजापुर के जिला अध्यक्ष घनश्याम यादव ने कहा कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में पत्रकार समाज और शासन-प्रशासन के बीच महत्वपूर्ण कड़ी का कार्य करते हैं। कई बार समाचार संकलन के दौरान पत्रकारों को विभिन्न प्रकार की चुनौतियों एवं दबावों का सामना करना पड़ता है। ऐसी परिस्थितियों में पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पत्रकार सुरक्षा कानून का प्रभावी क्रियान्वयन आवश्यक है। ज्ञापन के माध्यम से संघ ने मांग की है कि प्रदेश में पत्रकार सुरक्षा कानून का कड़ाई से पालन कराया जाए तथा पत्रकारों से जुड़े मामलों के त्वरित निराकरण के लिए जिला स्तरीय पत्रकार सुरक्षा समिति का पुनर्गठन किया जाए, ताकि पत्रकार निर्भीक होकर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर सकें। ज्ञापन सौंपने के दौरान सतीश कुमार अल्लूर, रामचंद्रम एरोला, राजकुमार कोण्डागुरला, इरशाद खान, श्रीनिवास झाड़ी सहित संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

# आवापल्ली में दीवार गिरने से महिला की मौत परिजनों ने जताई साजिश की आशंका

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**बीजापुर 22 जून।** ब्लॉक मुख्यालय आवापल्ली के प्रीत विहार कॉलोनी में रविवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में एक महिला की मौत हो गई। घर की दीवार गिरने से उसकी चपेट में आने से महिला की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल व्याप्त है। वहीं परिजनों ने इस घटना को संदिग्ध बताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। मिली जानकारी के अनुसार, प्रीत विहार कॉलोनी निवासी सुकमती मांझी (58 वर्ष) रविवार सुबह अपने घर में मौजूद थीं। इसी दौरान अचानक घर की दीवार भरभराकर गिर गई, जिसकी चपेट में आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसा इतना गंभीर था कि महिला ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस तथा प्रशासन को इसकी जानकारी दी गई। सूचना पर आवापल्ली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। इस घटना को जमीन विवाद से जोड़कर भी देखा जा रहा है। बताया जा रहा है कि मृतका और उसके पड़ोसी के बीच लंबे समय से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था, जिसका मामला राजस्व विभाग में विचाराधीन है। ऐसे में परिजनों ने हादसे को संदिग्ध बताया है। घटना के बाद मृतका के परिजनों और ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

### सीएसपीडीसीएल के कर्मचारी संघ का प्रदेशव्यापी एक दिवसीय सामूहिक अवकाश 22 जून को

**जगदलपुर, 22 जून।** छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल एवं विद्युत कंपनियों में कार्यरत आरक्षित वर्ग के अधिकारी-कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों और सेवा संबंधी मुद्दों को लेकर 22 जून 2026 को प्रदेशव्यापी एक दिवसीय सामूहिक अवकाश पर जाने की घोषणा की है। संघ का आरोप है कि लंबे समय से कर्मचारियों की विभिन्न मांगों पर उचित कार्रवाई नहीं की जा रही है, जिससे कर्मचारियों में असंतोष बढ़ता जा रहा है। संगठन का कहना है कि कई बार ज्ञापन, चर्चा और प्रशासनिक स्तर पर संवाद के प्रयास किए गए, लेकिन अपेक्षित परिणाम नहीं मिलने के कारण अब आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ रहा है। संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि यदि मांगों पर सकारात्मक पहल नहीं होती है तो भविष्य में आंदोलन को और व्यापक स्वरूप दिया जा सकता है। हालांकि संगठन ने स्पष्ट किया है कि उसका पूरा कार्यक्रम शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से संचालित किया जाएगा।

## करपावंड हिंसा मामले में 14 गिरफ्तार, मुख्य सूत्रधार सरपंच और पंच फरार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 22 जून।** बस्तर जिले के बकावंड़ तहसील अंर्तगत ग्राम करपावंड में जमीन की नाप-जोख और कब्जा दिलाने गई राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम पर हुए हमले के मामले में बस्तर पुलिस ने शासकीय कार्य में बाधा डालने, गाली-गलौज, और राजस्व निरीक्षक देवेंद्र श्रीवास पर लात-मुक्कों से हमला करने के आरोप में पुलिस ने दो मुख्य आरोपियों, डाकेंद्र नेताम और मनीराम बघेल, को गिरफ्तार कर लिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने वीडियो फुटेज और मौके पर मौजूद गवाहों के आधार पर हुड़दंग करने वाली भीड़ की पहचान की। शासकीय टीम पर पथराव, धक्कामुक्की, और माहौल खराब करने के आरोप में 12 अन्य ग्रामीणों को भी गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया गया है। इस तरह मामले में कुल गिरफ्तारियों की संख्या 14 तक पहुंच गई है।


मामले के दो मुख्य सूत्रधार, गांव के सरपंच लखमू राम नेताम और पंच लोकेंद्र निषाद, फिलहाल फरार हैं। उनकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है। पुलिस की एफआईआर में सरपंच को भीड़ को भड़काने और अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने का मुख्य आरोपी बताया गया है। राजस्व टीम पर हमले की कार्रवाई के बीच ग्रामीणों और फरार सरपंच पक्ष ने प्रशासन के रवैये पर गंभीर सवाल उठाए हैं। विवाद की असली वजह अधिकारियों की लापरवाही है। ग्रामीणों और सरपंच का सीधा आरोप है कि जिस नक्शे के आधार पर राजस्व टीम सीमांकन कर रही थी, वह जमीनी हकीकत से बिल्कुल मेल नहीं खाता। सरकारी रिकॉर्ड में भारी विसंगति है। ग्रामीणों का कहना है कि वर्तमान नक्शे में इस जमीन को मुख्य सड़क से लगा हुआ दिखाया जा रहा है।

यह पूरी कार्रवाई तीन उच्च राजस्व अदालतों- एसडीएम कोर्ट (बकावंड), बस्तर संभाग आयुक्त कोर्ट (जगदलपुर), और छत्तीसगढ़ राजस्व मंडल के आदेश के बाद की जा रही थी। शुक्रवार सुबह 11 बजे आरआई देवेंद्र श्रीवास, 5 हल्का पटवारियों, कोटवार, और पुलिस बल के साथ खसरा नंबर 567 (रकबा 0.60 हेक्टेयर) का कब्जा सौंपने पहुंचे थे। वहां दोपहर में विवाद भड़क गया था ।

# 3 करोड़ की लागत से बना ऑक्सीजन पार्क सप्ताह में सिर्फ एक-दो दिन खुलने से लोगों में बड़ी नाराजगी

- जनस्वास्थ्य के लिए बना पार्क रोज खुले, तभी होगा उद्देश्य सफल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**किरन्दुल 22 जून।** औद्योगिक नगर पालिका परिषद किरन्दुल द्वारा लगभग 3 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से निर्मित ऑक्सीजन पार्क का हाल ही में छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री के करकमलों से लोकार्पण कराया गया। नगरवासियों ने इस जनहितकारी पहल का स्वागत करते हुए इसे स्वास्थ्य संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है। इस पार्क का उद्देश्य नागरिकों को शुद्ध वातावरण, मॉर्निंग-ईवनिंग वॉक, योग, व्यायाम तथा बच्चों के खेलकूद के लिए सुरक्षित और हरित स्थान उपलब्ध कराना है। जहां बच्चे शारीरिक विकास कर सकें, वहीं बुजुर्ग, महिलाएं एवं युवा स्वच्छ हवा में समय बिताकर स्वस्थ जीवन का लाभ उठा सकें।

**मुख्य बिंदु:** 3 करोड़ से अधिक लागत से बना ऑक्सीजन पार्क। जनस्वास्थ्य और शुद्ध वातावरण उपलब्ध कराना है उद्देश्य। सप्ताह में केवल एक-दो दिन खुलने से लोगों में बढ़ रही नाराजगी। स्थानीय नागरिकों ने रोज सुबह-शाम पार्क खोलने की उठाई मांग। प्रदूषण प्रभावित किरन्दुल में ऑक्सीजन पार्क की उपयोगिता और बढ़ी। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि नगर में पहले से डॉ. भीमराव आंबेडकर पार्क तथा मिलेनियम पार्क मौजूद हैं, जिनका निर्माण एनएमडीसी बीआईओएम परियोजना द्वारा करोड़ों रुपये की लागत से किया गया है। ऐसे में नया ऑक्सीजन पार्क केवल मनोरंजन का नहीं, बल्कि स्वास्थ्य लाभ का केंद्र बनना चाहिए।

**प्रदूषण से जूझ रहे नगरवासियों को चाहिए रोजाना सुविधा:** बैलाडीला औद्योगिक क्षेत्र का अधिकांश हिस्सा लंबे समय से धूल और लौह अयस्क के प्रदूषण से प्रभावित रहता है। मुख्य मार्गों पर कई बार पैदल चलना भी कठिन हो जाता है। लोग मास्क लगाकर निकलने को मजबूर हैं तथा हवा में उड़ती लौह अयस्क की धूल साफ देखी जा सकती है। स्थानीय लोगों के अनुसार प्रदूषित वातावरण के कारण कई नागरिक सांस संबंधी रोग, आंखों में संक्रमण, त्वचा रोग, खुजली तथा अन्य स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे हैं।

ऐसे में नागरिकों का मानना है कि यदि ऑक्सीजन पार्क प्रतिदिन सुबह और शाम आम लोगों के लिए खोला जाए, तो हजारों लोगों को शुद्ध वातावरण में व्यायाम और सैर करने का अवसर मिलेगा, जिससे उनके स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

**नगर पालिका से गंभीर पहल की अपेक्षा:** सेवानिवृत्त बुजुर्गों, मॉर्निंग वॉक करने वालों एवं अनेक स्थानीय नागरिकों ने समाचार के माध्यम से नगर पालिका अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षदों एवं प्रशासन से मांग की है कि ऑक्सीजन पार्क को प्रतिदिन सुबह और शाम नियमित रूप से खोला जाए। उनका कहना है कि करोड़ों रुपये की लागत से बने इस पार्क का वास्तविक उद्देश्य तभी पूरा होगा, जब इसका लाभ हर दिन आम नागरिकों को मिले।

**जनभावना:** स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर पालिका द्वारा ऑक्सीजन पार्क का निर्माण एक सराहनीय और जनहितकारी कार्य है, लेकिन यदि यह पार्क नियमित रूप से आम जनता के लिए नहीं खोला गया तो इसकी उपयोगिता सीमित रह जाएगी। नागरिकों का मानना है कि यह पार्क केवल एक निर्माण परियोजना नहीं, बल्कि प्रदूषण से जूझ रहे किरन्दुल के लोगों के बेहतर स्वास्थ्य और स्वच्छ जीवन का आधार बनना चाहिए।

## एटापक्का कैंप में सीआरपीएफ212 बटालियन ने योग दिवस मनाया

**सुकमा, 22 जून।** भारत सरकार आयुष मंत्रालय और बल मुख्यालय से प्राप्त निर्देशानुसार आज 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया, जिसका थिम "Yoga for Healthy Ageing स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग था । कार्यक्रम का शुभारंभ दीपक कुमार श्रीवास्तव, कमाण्डेन्ट सीआरपीएफ 212 बटालियन, द्वारा सुकमा जिले के एटापक्का कैंप में सुबह 06:30 बजे किया गया और वहां पर उपस्थित सभी अधिकारीयो व जवानो को उनके द्वारा योग के संबंध में कहा गया कि ÷उम्र बढ़ना प्रकृति है, पर बीमार होकर जीना विकल्प है। योग वह माध्यम है जिससे हम अपनी वृद्धावस्था को सक्रिय, सम्मानजनक और रोगमुक्त बना सकते हैं। स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग÷ का संदेश हम सभी को घर-घर तक पहुंचाना होगा तथा योग से होने वाले फायदो के बारे में भी उनके द्वारा बताया गया। सीआरपीएफ ने आजमन से अपील करते हुए कहा कि एक कदम स्वास्थ्य की ओर, एक कदम योग की ओर बढ़ायें। कार्यक्रम के आगे सूक्ष्य व्यायाम, जिसमें गर्दन, कंधे, कलाई और टखनो के संचालन, खड़े होकर किए गए आसन जिसमे वृक्षासन, ताड़ासन और प्राणायाम जिसमे अनुलोम-विलोम, भ्रामरी प्राणायाम एवं उज्जायी श्रवास से मानसिक शांति व उच्च रक्तचाप नियंत्रण के गुर सिखाए गए।

सांसद राठिया ने किया सामूहिक योगाभ्यास, योग को बताया स्वस्थ और सशक्त भारत का आधार

# रायगढ़ में उत्साह से मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 22 जून।** 12 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रायगढ़ के बोईरदादर स्थित स्टेडियम ग्राउंड में रविवार सुबह भव्य सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वस्थ आयु के लिए योग थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों, युवाओं, महिलाओं तथा बड़ी संख्या में नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए सामूहिक योगाभ्यास किया। पूरे आयोजन के दौरान स्वास्थ्य, अनुशासन और सकारात्मक ऊर्जा का संदेश प्रतिध्वनित होता रहा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोकसभा सांसद श्री राधेश्याम राठिया ने उपस्थित जनसमुदाय के साथ योगाभ्यास किया और कहा कि योग भारत की अमूल्य सांस्कृतिक विरासत है, जिसने आज पूरी दुनिया को स्वस्थ जीवन का मार्ग दिखाया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से योग आज एक वैश्विक जनआंदोलन का स्वरूप ले चुका है। योग व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनाता है तथा स्वस्थ राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि महापौर श्री जीवर्धन चौहान, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शिखा रविन्द्र गबेल, सभापति श्री डिग्रीलाल साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी योगाभ्यास में सहभागिता करते हुए नागरिकों से योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री शशि मोहन सिंह, सीईओ जिला पंचायत श्री अभिजीत बबन पठारे, नगर निगम आयुक्त श्री बृजेश सिंह क्षत्रिय, एडीएम श्री अपूर्व प्रियेश टोप्पो, समाज कल्याण विभाग के उप संचालक शिव शंकर पांडेय, जिला आयुर्वेद अधिकारी श्री सी एस गौराहा सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी एवं विभिन्न विभागों के कर्मचारी, शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम योगाचार्य सुश्री चुलेश्वरी साहू द्वारा क्रमशः ग्रीवा चालन, हस्तचालन, कटिचालन, ताड़ासन, वृक्षासन के अलावा बैठकर किए जाने वाला आसन वज्रासन, मंडूकासन, दण्डासन, पद्मासन के साथ-साथ लेटकर किए जाने वाले विभिन्न योग मुद्राओं का भी अभ्यास कराया गया। इसके अंतर्गत अर्धहलासन, उत्तानपाद आसन, भुजंगासन, शलभासन, शशांकासन आदि का अभ्यास किया गया। इसके पश्चात श्वास आधारित प्राणायाम के तहत अनुलोम-विलोम, कपालभाति, भ्रामरी प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम के दौरान योग के शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक लाभों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में तनावपूर्ण जीवनशैली, अवसाद और विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों से बचाव के लिए योग एक प्रभावी एवं प्राकृतिक उपाय है। नियमित योगाभ्यास से शरीर स्वस्थ, मन शांत और व्यक्तित्व संतुलित बनता है, वहीं आत्मविश्वास, एकाग्रता और कार्यक्षमता में भी वृद्धि होती है।







### योग दिवस पर नशामुक्ति का संदेश, लोगों को दिलाई गई शपथ

योग दिवस कार्यक्रम के दौरान जिले में संचालित नशा मुक्ति अभियान के तहत उपस्थित सभी लोगों को नशे से दूर रहने तथा समाज को नशामुक्त बनाने की शपथ भी दिलाई गई। उपस्थित जनसमुदाय ने स्वयं नशे से दूर रहने और अपने परिवार, मित्रों तथा समाज को भी नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया। स्टेडियम परिसर में आयोजित इस सामूहिक योग कार्यक्रम में विद्यार्थियों और युवाओं की उत्साहपूर्ण सहभागिता विशेष आकर्षण का केंद्र रही।

### योग प्रशिक्षक ने विभिन्न आसनों का कराया अभ्यास

आयोजित योग सत्र में प्रमुख योग शिक्षिका चुलेश्वरी साव एवं सहायक योग प्रशिक्षिका ज्योति प्रधान ने उपस्थित लोगों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया। कार्यक्रम की शुरुआत सूक्ष्म व्यायाम से हुई, जिसके बाद प्रतिभागियों ने ताड़ासन, वृक्षासन, वज्रासन, भुजंगासन, पवनमुक्तासन तथा अन्य योगासनों का अभ्यास किया। योग प्रशिक्षक ने बताया कि नियमित योगाभ्यास से शरीर स्वस्थ रहता है, तनाव कम होता है तथा एकाग्रता में वृद्धि होती है। उन्होंने उपस्थित लोगों से योग को अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करने का आह्वान किया। प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक योगाभ्यास में भाग लिया और स्वास्थ्यवर्धक जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी को नियमित रूप से योग करने तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का संदेश दिया गया।

## एक नजर

### योग को दिनचर्या में शामिल करें, अनेक रोगों से होगा बचाव : डॉ. हीरा महावर

**अंवरी-भखारा, 22 जून।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नगर पंचायत भखारा द्वारा आयोजित महिला योग शिविर में योग प्रशिक्षिका जया महावर ने प्रशिक्षका के रूप में सहभागिता करते हुए उपस्थित महिलाओं एवं नागरिकों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम, जुम्बा एवं एरोबिक्स अभ्यास कराया। उन्होंने योग को स्वस्थ एवं संतुलित जीवन का आधार बताते हुए नियमित योगाभ्यास करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति हरख जैन, सीएमओ हरि कृष्ण पांवरिया, प्राचार्य दीपक चौधरी, विधायक प्रतिनिधि हरख जैन, उपाध्यक्ष विष्णु साहू, जनपद सदस्य सिंधु बैस,जनभागीदारी समिति अध्यक्ष ईश्वर साहू, पार्षदगण भूपेश्वरी चंदेल,परदेशी कँवर,खेमलता साहू, भूपेंद्र यादव, भारती साहू, सुशीला निर्मलकर एवं वीरेंद्र साहू, मनीष साहू, सुरेन्द्र बेड़गे सहित आयुर्वेदिक चिकित्सालय से डॉ. द्विवेदी, योग प्रशिक्षिका अंजलि साहू, सब इंजीनियर ज्योति साहू सहित शिक्षक गण, स्टॉफ,गणमान्य नागरिक एवं नगर पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉ. हीरा महावर ने ÷योग एवं योग चिकित्सा विषय पर व्याख्यान देते हुए कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन एवं आत्मा को स्वस्थ रखने की वैज्ञानिक पद्धति है। नियमित योगाभ्यास अनेक बीमारियों से बचाव के साथ मानसिक शांति भी प्रदान करता है।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक प्रतिनिधि हरख जैन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से आज योग को वैश्विक पहचान मिली है। योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जिसे दैनिक जीवन में अपनाकर स्वस्थ समाज का निर्माण किया जा सकता है।

### बाल श्रम के लिए ले जा रहे 6 बच्चों को अध्यक्ष ने कराया मुक्त



**महासमुंद, 22 जून ।** छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा ने महासमुंद जिले के प्रवास के दौरान तुमगांव थाना क्षेत्र में बाल श्रम का मामला पकड़ा। सड़क पर एक पिकअप वाहन में बैंड पार्टी द्वारा 6 नाबालिग लड़कों को श्रम के लिए ले जाते देख उन्होंने तत्काल हस्तक्षेप किया। मौके पर अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा आधे फोन घंटे उपस्थित रही । डॉ. शर्मा ने मौके से ही एसजेपीयू (स्पेशल जूविनाइल पुलिस ऑफिसर), डीपीओ एवं डीसीपीओ की टीम को निर्देशित कर सभी 6 बच्चों को रेस्क्यू कराया। बच्चों को सुरक्षित तुमगांव थाना भिजवाया गया। साथ ही बाल श्रम में प्रयुक्त वाहन क्रमांक सीजी06जीएम 4266 पर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए।इस दौरान डॉ. वर्णिका शर्मा ने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि बाल श्रम जैसी लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने चाइल्डलाइन की टीम को लगातार निरीक्षण एवं निगरानी रखने के निर्देश दिए ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। आयोग निश्चित ही बाल अधिकार संरक्षण नियम 2005 के तहत धारा 13 एवं सहपठित धारा 14 के तहत विषय में संज्ञान लेगा। उन्होंने कहा कि बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा एवं बाल श्रम उन्मूलन के लिए आयोग पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

### योगा फॉर हेल्दी एजिंग थीम के साथ मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**मोहला 22 जून ।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मानपुर के मिनी स्टेडियम में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 'योगा फॉर हेल्दी एजिंग' की थीम पर आधारित सामूहिक योगाभ्यास में मुख्य अतिथि के तौर विधायक अहिवारा एवं उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण श्री डोमन लाल कोर्सेवाड़ा शामिल हुए।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिले के सभी विकासखण्ड मुख्यालयों, नगरीय निकायों तथा ग्राम पंचायतों एवं स्कूलों में सामूहिक योगाभ्यास किया गया।

# छुरा की याशिका करेगी जिले की छात्राओं का नेतृत्व

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरा, 22 जून।** छत्तीसगढ़ के प्रयाग कहे जाने वाले राजिम में विश्व के सबसे बड़े छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (ABVP) का चार दिवसीय प्रांत अभ्यास वर्ग का आयोजन प्रेम रतन पैलेस में 12 से 15 जून तक किया गया, जिसमें प्रदेश भर से 381 कार्यकर्ता एवं छात्र छात्राएं सम्मिलित हुए इस दौरान वर्ग के अंतिम दिवस गरियाबंद जिले के छुरा क्षेत्र की प्रतिभाशाली छात्रा याशिका कौर को जिला छात्रा प्रमुख का महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है।याशिका कौर वर्तमान में ढ़ुस्क्रू विश्वविद्यालय की छात्रा हैं तथा गरियाबंद जिले के मुड़ागांव की निवासी कवलजीत सिंग दत्ता की सुपुत्री हैं। विद्यार्थी परिषद के प्रति उनकी सक्रियता, संगठनात्मक कार्यों में सहभागिता एवं छात्रहित के विषयों पर निरंतर कार्य को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी प्रदान की गई है।याशिका कौर के जिला छात्रा प्रमुख मनोनीत होने पर क्षेत्र के विद्यार्थियों, शिक्षकों, सामाजिक संगठनों एवं परिषद कार्यकर्ताओं में हर्ष का वातावरण है। सभी ने विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में जिले में छात्राओं की सहभागिता बढ़ेगी तथा शिक्षा, व्यक्तित्व विकास और राष्ट्र निर्माण के विभिन्न आयामों पर प्रभावी कार्य होगा।इस अवसर पर परिषद के पदाधिकारियों ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सदैव छात्र शक्ति को राष्ट्र शक्ति के रूप में विकसित करने के लिए कार्य करती रही है। याशिका कौर का चयन इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो जिले की छात्राओं को संगठन से जोड़ने तथा उनके नेतृत्व विकास में सहायक सिद्ध होगा।विभाग संयोजक भिषेक पांडेय ने कहा कि निश्चित रूप से आने वाले समय में गरियाबंद जिले के विभिन्न परिसर में छात्राओं का नेतृत्व का अवसर बढ़ने वाला है, याशिका कौर के ऊपर परिषद को विश्वास है कि वह इस दिशा में सक्रियता से कार्य करेगी, पूर्व प्रदेश मंत्री एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य यज्ञदत्त वर्मा, नगर मंत्री मुकेश यादव तथा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शुभम निषाद ने शुभकामनाएं प्रेषित की इसके अलावा मुड़ागांव सहित पूरे छुरा क्षेत्र एवं गरियाबंद जिले के नागरिकों ने याशिका कौर को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल एवं सफल कार्यकाल की कामना की है।

### सांसद रूपकुमारी चौधरी के जनसंपर्क में शामिल हुई ज्योति हरख जैन

**अंवरी, 22 जून।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के सफल नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में महासमुंद लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी द्वारा आयोजित जनसंपर्क कार्यक्रम में नगर पंचायत भखारा-भठेली की अध्यक्ष श्रीमती ज्योति हरख जैन सहभागी बनीं।इस अवसर पर सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी ने कुरुद क्षेत्र में विभिन्न वर्गों के नागरिकों, सामाजिक संगठनों, महिला समूहों एवं वरिष्ठजनों से भेंट कर केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों पर चर्चा की। उन्होंने नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याओं, सुझावों एवं अपेक्षाओं को भी सुना।कार्यक्रम में अध्यक्ष श्रीमती ज्योति हरख जैन ने भी नागरिकों से मुलाकात कर शासन की योजनाओं की जानकारी साझा की तथा क्षेत्र के विकास एवं जनहित से जुड़े विषयों पर चर्चा की।

# पुसौर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सैकड़ों लोगों ने किया योगाभ्यास

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 22 जून।** भारत सरकार के निर्देश एवं छत्तीसगढ़ शासन के आदेशानुसार विकासखंड पुसौर में आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का भव्य एवं गरिमामय आयोजन किया गया। विकासखंड स्तरीय इस कार्यक्रम का आयोजन शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुसौर के प्रांगण में किया गया, जहां बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं नागरिकों ने सहभागिता निभाई। कार्यक्रम का वातावरण योग, स्वास्थ्य और सकारात्मक ऊर्जा से परिपूर्ण रहा। उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह और उल्लास के साथ योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संकल्प लिया।

योग कार्यक्रम में योग साधक एवं संचालक अभिनव स्कूल के अक्षय सतपथी के मार्गदर्शन तथा राज्य स्तरीय प्रशिक्षित मास्टर प्रशिक्षक बेनी उरांव के निर्देशन में विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। योगाभ्यास के दौरान खड़े होकर, बैठकर तथा लेटकर किए जाने वाले अनेक महत्वपूर्ण आसनों का प्रदर्शन और अभ्यास कराया गया। प्रतिभागियों ने वृक्षासन, त्रिकोणासन, पद्मासन, वज्रासन, भुजंगासन, हलासन, पवन मुक्तासन एवं शवासन सहित कई योग मुद्राओं का अभ्यास किया। इसके साथ ही अनुलोम-विलोम, कपालभाति और अन्य प्राणायाम तकनीकों के माध्यम से शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने के उपाय भी बताए गए। प्रशिक्षकों ने योग के वैज्ञानिक महत्व एवं दैनिक जीवन में इसकी उपयोगिता पर भी प्रकाश डाला।

### हंसी, संगीत और प्रेरणा के साथ दिया गया स्वस्थ जीवन का संदेश

कार्यक्रम को रोचक एवं प्रेरणादायक बनाने के लिए योग साधक एवं व्याख्याता सुधीर शर्मा ने अपने हास्यपूर्ण अंदाज में उपस्थित लोगों को हंसाकर तनावमुक्त रहने का संदेश दिया। उन्होंने रावण के अभिनय के माध्यम से भी लोगों का मनोरंजन करते हुए जीवन में सकारात्मकता बनाए रखने की प्रेरणा दी। वहीं योग साधक अक्षय सतपथी ने 'बारहखड़ी' की अनूठी शैली के माध्यम से उपस्थित लोगों को हंसने और खुश रहने की कला समझाई। मास्टर प्रशिक्षक बेनी उरांव ने स्वयं गीत गाकर योगाभ्यास कराया, जिससे पूरा वातावरण ऊर्जा और उत्साह से भर गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने योग के साथ-साथ आनंद और मनोरंजन का भी भरपूर अनुभव प्राप्त किया।

जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने किया नियमित योग अपनाने का आह्वान

कार्यक्रम के दौरान नवनियुक्त विकासखंड शिक्षा अधिकारी भुवनेश्वर पटेल ने उपस्थित सभी लोगों से योग को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि मानसिक शांति और आत्मविश्वास भी प्रदान करता है। मोहित सतपथी ने योग के विविध लाभों का उल्लेख करते हुए सभी नागरिकों से प्रतिदिन योग करने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया तथा शांति मंत्र के साथ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का समापन हुआ। नोडल अधिकारी एवं व्यायाम शिक्षक जितेंद्र साहू द्वारा सभी उपस्थितजनों को स्वादिष्ट चना वितरित किया गया। इस अवसर पर जैमिनी गुप्ता, डिग्री लाल पाइक, घनश्याम पटेल, विजय महाना, भरत षडंगी, संतोष यादव, ललित साहू, विकास होता, अविनाश गुप्ता, वरुण महाना, मंगल साव, श्रवण नायक, अमरबेली केरकेट्टा, प्राचार्यगण, प्रभारी प्राचार्य, व्याख्याता, शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

## समाचार संक्षेप

### जिले के 8 केंद्रों में शांति से हुई नीट यूजी परीक्षा, 90.08 प्रतिशत रही उपस्थिति

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 22 जून।** राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट यूजी) 2026 का आयोजन रविवार को रायगढ़ जिले में शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। परीक्षा के लिए जिले में कुल 8 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे, जहां 2,682 अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा की व्यवस्था की गई थी। परीक्षा के दौरान जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा, यातायात, पेयजल एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं। जिले में आयोजित परीक्षा में कुल 2,416 अभ्यर्थियों ने परीक्षा में भाग लिया, जबकि 266 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इस प्रकार जिले में कुल 90.08 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई। डिप्टी कलेक्टर एवं परीक्षा के नोडल अधिकारी श्री धनराज मरकाम ने बताया कि केंद्रवार उपस्थिति के तहत किरोड़ीमल शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय में 480 में से 433 अभ्यर्थी, पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में 474 में से 423, पीएम श्री नटवर इंग्लिश स्कूल में 408 में से 385, किरोड़ीमल पॉलीटेक्निक में 384 में से 351, केएमटी शासकीय कन्या महाविद्यालय में 288 में से 264, जूटमिल स्कूल में 240 में से 204, किरोड़ीमल नगर स्कूल में 240 में से 211 तथा चक्रधर नगर स्कूल में 168 में से 145 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी।परीक्षा के दौरान सभी केंद्रों पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। अभ्यर्थियों की प्रवेश से पूर्व सघन जांच की गई तथा निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित कराया गया। नीट यूजी परीक्षा के सफल एवं शांतिपूर्ण आयोजन के बाद अभ्यर्थियों और उनके परिजनों ने प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं की सराहना की।


### पुलिस थाना छुरा में उत्साह से मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरा, 22 जून।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पुलिस थाना छुरा परिसर में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में थाना स्टाफ, समाजसेवियों एवं नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर योग एवं प्राणायाम का अभ्यास किया तथा स्वस्थ जीवन के लिए योग को अपनाने का संकल्प लिया।कार्यक्रम में योगाचार्य मिथलेश सिन्हा ने उपस्थित जनों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया। उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा के संतुलन का प्रभावी माध्यम है। नियमित योगाभ्यास से व्यक्ति स्वस्थ, ऊर्जावान और तनावमुक्त जीवन व्यतीत कर सकता है। उन्होंने सभी को प्रतिदिन योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने की प्रेरणा दी।थाना प्रभारी ज्ञानेश्वर सिंह गंगवाल ने कहा कि पुलिस कर्मियों सहित प्रत्येक व्यक्ति को स्वस्थ एवं जागरूक रहने के लिए योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। योग से मानसिक एकाग्रता, कार्यक्षमता और सकारात्मक सोच का विकास होता है, जो जीवन के हर क्षेत्र में उपयोगी है।कार्यक्रम के दौरान थाना प्रभारी ज्ञानेश्वर सिंह गंगवाल, सहायक उपनिरीक्षक टीकाराम ध्रुव, प्रधान आरक्षक जयप्रकाश मिश्रा सहित थाना स्टाफ के अन्य अधिकारी-कर्मचारी एवं समाजसेवी शीतल ध्रुव उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने नियमित योगाभ्यास करने तथा समाज में योग के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।पुलिस थाना छुरा में आयोजित योग दिवस कार्यक्रम स्वास्थ्य जागरूकता, अनुशासन और सकारात्मक जीवनशैली का प्रेरणादायी संदेश देने वाला रहा।

# म्यूल खाते से जुआ,सट्टा नेटवर्क चलाने के आरोप में तीन लोग गिरफ्तार



**भिलाई, 22 जून।** भिलाई म्युल अकाउंट के माध्यम से ऑनलाइन जुआ-सट्टा नेटवर्क संचालित करने वाले तीन अंतर्राज्यीय आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है। इनसे 81 एटीएम कार्ड, 62 बैंक पासबुक एवं डिजिटल उपकरण जप्त किया गया है। यह कार्रवाई थाना खुर्सीपार एवं एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट की संयुक्त टीम ने की है। गरीब एवं आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्तियों को लालच देकर उनके नाम से बैंक खाते खुलवाकर अवैध वित्तीय लेन-देन एवं ऑनलाइन सट्टा संचालन किया जा रहा था। आईपीएल सीजन के दौरान रांची झारखंड से नेटवर्क संचालित किया गया तथा ऑनलाइन बेटिंग एप्लीकेशन अन्ना रेड्डी के माध्यम से सट्टा कारोबार का संचालन किया जा रहा था आज पुलिस कंट्रोल रूम में एक पत्रकार वार्ता में एएसपी ग्रामीण मणिशंकर चंद्रा ने इस सफलता की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस मामले में अजय मिश्रा, ( 23 साल ) , निवासी सेक्टर-01, एवेन्यू सी, भिलाई, जिला दुर्ग, दीपक कुमार, ( 32 साल ) , निवासी ग्राम नगदोई, जिला नालंदा, बिहार एवं करण कुमार सिंह, ( 26 साल ) , निवासी बालाजी नगर, खुर्सीपार, भिलाई, जिला दुर्ग की गिरफ्तारी हुई है। इन आरोपियों से लेनोवो कंपनी का लैपटॉप 01 नग, हार्ड डिस्क 01 नग, मोबाइल फोन 13 नग, सिम कार्ड 11 नग,बैंक पासबुक 62 नग, एटीएम कार्ड 81 नग एवं चेकबुक 05 नग जप्त किया गया है ।

# ग्राम मोंगरा (चरौदा) में छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना की बैठक में सदस्यता अभियान पर की गई चर्चा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 22 जून।** छुरा खंड के ग्राम मोंगरा (चरौदा) में 21 जून 2026, रविवार को छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना की एक जोरदार बैठक एवं सदस्यता अभियान का आयोजन किया गया। इस दौरान गांव के सेनानी भाईयों एवं संगठन से जुड़े कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। बैठक में संगठन की मजबूती, गांव-गांव तक विस्तार, नए सदस्यता अभियान तथा छत्तीसगढ़िया अस्मिता से जुड़े मुद्दों पर गंभीर चर्चा की गई।

कार्यक्रम के दौरान संगठन के पदाधिकारियों ने गांव में नए सदस्य बनाने का अभियान चलाया और छत्तीसगढ़िया समाज को एकजुट करने का संकल्प दोहराया। बैठक में मौजूद सेनानी भाइयों ने कहा कि छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना अब गांव-गांव तक अपनी पकड़ मजबूत कर रही है और आने वाले समय में संगठन की विचारधारा तथा जनजागरण अभियान को और तेज किया जाएगा।इस अवसर पर संगठन से जुड़े सक्रिय कार्यकर्ताओं का सम्मान भी किया गया तथा नए सदस्यों का गमछा पहनाकर स्वागत करते हुए उन्हें संगठन से जोड़ा गया। बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने छत्तीसगढ़ महतारी, माटी, भाषा और हक-अधिकार के लिए मिल-जुलकर कार्य करने की बात कही।कार्यक्रम में संगठन विस्तार, आगामी रणनीति, गांव स्तर की बैठकों, जनसंपर्क अभियान तथा युवाओं को संगठन से जोड़ने के विषय पर विशेष चर्चा हुई। बैठक के अंत में सभी ने एकजुट होकर ÷जय जोहार, जय छत्तीसगढ़ महतारी÷ का नारा लगाया और संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया बैठक में सेनानी भाई बजरंग नायक, मनसाय नेताम, गौतम सोरी, भुनेश्वर भोई, हेमराज महानंद, भूषण ठाकुर, प्रदीप नेताम, काडू राम नायक, लखन चक्रधारी, दीनू राम नायक, अभय राम नागवंशी, खोजी राम नेताम के साथ छुरा खंड अध्यक्ष चोखे लाल साहू, महासचिव पुष्पराज साहू, जिला महासचिव तेजराम मरकाम, अन्नाकुमार मरकाम सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### परिवहन विभाग ने ऑनलाइन ठगी के प्रति किया जागरूक

**महासमुंद 22 जून ।** राज्य में आरटीओ ई-चालान से संबंधित ऑनलाइन स्कैम के मामले सामने आने के बाद परिवहन विभाग ने आम नागरिकों को सतर्क रहने की अपील की है। विभाग द्वारा बताया कि फर्जी ई-चालान संदेश भेज कर लोगों को ट्रैफिक नियम उल्लंघन का भय दिखाकर लिंक पर क्लिक करने के लिए प्रेरित किया जाता है।

# गांजा तस्करी के आरोप में 3 गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 22 जून।** भिलाई जामुल थाना पुलिस ने गांजा तस्करी के एक मामले का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है तस्करों ने पुलिस की नजर से बचने के लिए गांजा को पिकअप वाहन की स्टेपनी टायर के भीतर छिपा रखा था, लेकिन तलाशी के दौरान उनका यह तरीका ज्यादा देर तक काम नहीं आया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 15 किलो 500 ग्राम गांजा और पिकअप वाहन जब्त किया है जामुल टीआई रामेंद्र सिंह ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिलने के बाद विशेष टीम ने दोपहर करीब एक बजे संदिग्ध पिकअप वाहन की घेराबंदी कर कार्रवाई की मौके से नंदिनी बागडूमर निवासी आकाश जांगड़े, घासीदास नगर निवासी मुकेश कुमार सेन और टिकेश्वर यादव को हिरासत में लिया गया स्टेपनी टायर ने खोला तस्करी का राज प्रारंभिक तलाशी में वाहन से कोई संदिग्ध सामग्री नहीं मिली। इसके बाद पुलिस ने आरोपियों से पूछताछ की और वाहन की बारीकी से जांच शुरू की इसी दौरान पुलिस की नजर पिकअप में रखी स्टेपनी पर गई संदेह होने पर टायर की जांच की गई तो उसमें हवा नहीं मिली। पुलिस ने दोनों स्टेपनी टायरों को खोलकर देखा, जहां गांजा के पैकेट छिपाकर रखे गए थे। एक टायर से 16 और दूसरे टायर से 15 पैकेट बरामद हुए। कुल 31 पैकेटों में 15 किलो 500 ग्राम गांजा छिपाकर रखा गया था।एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज हुआ मामला जामुल थाने पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। बरामद गांजा और तस्करी में प्रयुक्त पिकअप वाहन को जब्त कर आगे की जांच की जा रही है।

# सोमनाथ स्वाभिमान सांस्कृतिक यात्रा का शुभारंभ 22 जून को

**रायपुर, 22 जून।** भारतीय संस्कृति, आस्था और राष्ट्रीय स्वाभिमान के प्रतीक सोमनाथ धाम से जुड़ने के लिए छत्तीसगढ़ से एक ऐतिहासिक सांस्कृतिक यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अंतर्गत 22 से 26 जून 2026 तक आयोजित होने वाली ''सोमनाथ स्वाभिमान सांस्कृतिक यात्रा'' में प्रदेश के 1000 विशिष्टजन विशेष ट्रेन के माध्यम से गुजरात स्थित सोमनाथ धाम पहुंचेंगे। यात्रा का शुभारंभ 22 जून को प्रातः 11 बजे रायपुर रेलवे स्टेशन से होगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे तथा पर्यटन, संस्कृति, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री श्री राजेश अग्रवाल कार्यक्रम की



अध्यक्षता करेंगे। इसके साथ ही रायपुर के जनप्रतिनिधि, सांसद, विधायक और महापौर सहित अनेक गणमान्य नागरिक भी समारोह में शामिल होंगे। सोमनाथ स्वाभिमान पर्व भारत की उस सांस्कृतिक चेतना और गौरवशाली विरासत का प्रतीक है, जिसने हजार वर्षों की चुनौतियों के बाद भी अपनी आस्था और पहचान को अक्षुण्ण बनाए रखा। इसी ऐतिहासिक अवसर पर संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा देशभर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ की यह सांस्कृतिक यात्रा उसी राष्ट्रीय अभियान का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसका उद्देश्य नई पीढ़ी को भारत की सांस्कृतिक जड़ों, आध्यात्मिक धरोहर और राष्ट्रीय गौरव से जोड़ना है। इस यात्रा की विशेषता यह है कि इसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों से चयनित विशिष्टजन, पद्म पुरस्कार एवं राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय सम्मानों से सम्मानित कलाकार, साहित्यकार, संस्कृति कर्मी, समाजसेवी तथा जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। यात्रा के माध्यम से छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति, परंपराओं और सांस्कृतिक विविधता का भी राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन होगा। प्रतिभागी अपने-अपने क्षेत्रों की पवित्र मिट्टी और नदियों का जल लेकर सोमनाथ पहुंचेंगे, जो भारत की सांस्कृतिक एकता, आध्यात्मिक समरसता और राष्ट्रीय अखंडता का प्रतीक बनेगा।

यात्रा के दौरान प्रतिभागियों को सोमनाथ मंदिर के दर्शन के साथ-साथ विभिन्न सांस्कृतिक और धार्मिक गतिविधियों में शामिल होने का अवसर मिलेगा। मंदिर दर्शन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, कला यात्राएं तथा ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व के स्थलों का भ्रमण इस कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण रहेगा। इससे न केवल प्रतिभागियों को भारत की गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत को निकट से जानने का अवसर मिलेगा, बल्कि विभिन्न राज्यों के सांस्कृतिक प्रतिनिधियों के बीच संवाद और आदान-प्रदान भी बढ़ेगा।

## एक नजर

### जिले में नीट परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न

**राजनांदगांव 22 जून(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित नीट (यूजी) 2026 परीक्षा का आयोजन आज 21 जून 2026 को जिले के 6 परीक्षा केन्द्रों में दोपहर 2 बजे से शाम 5.15 बजे तक सफलतापूर्वक एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। जिले में परीक्षा हेतु कुल 1982 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 1784 अभ्यर्थी उपस्थित हुए तथा 198 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा का संचालन एनटीए द्वारा निर्धारित सभी दिशा-निर्देशों एवं सुरक्षा मानकों के अनुरूप किया गया। परीक्षा की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सभी परीक्षा केन्द्रों के प्रत्येक परीक्षा कक्ष में सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए गए थे। इसके साथ ही किसी भी प्रकार की इलेक्ट्रॉनिक अनियमितता को रोकने के लिए जैमर की व्यवस्था तथा निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु जनरेटर की व्यवस्था भी सभी केन्द्रों में की गई थी। परीक्षा के सुचारू संचालन एवं सतत निगरानी के लिए प्रत्येक परीक्षा केन्द्र में कार्यपालिक दण्डाधिकारी (मैजिस्ट्रेट) तथा ऑब्जर्वर नियुक्त किए गए थे। जिला प्रशासन, पुलिस विभाग एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा परीक्षा केन्द्रों का नियमित निरीक्षण कर सभी व्यवस्थाओं पर सतत निगरानी रखी गई। कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में परीक्षा की सभी तैयारियां पूर्व से ही सुनिश्चित कर ली गई थी। कलेक्टर ने परीक्षा की गोपनीयता, पारदर्शिता एवं निष्पक्षता बनाए रखने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए थे। परीक्षा के दौरान जिला प्रशासन द्वारा सतत मॉनिटरिंग की गई तथा सभी केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई। अभ्यर्थियों की प्रवेश प्रक्रिया निर्धारित समयानुसार संपन्न कराई गई तथा पहचान सत्यापन, सुरक्षा जांच एवं अन्य आवश्यक प्रक्रियाओं का कड़ाई से पालन किया गया। परीक्षा के दौरान सभी केन्द्रों में शांतिपूर्ण एवं अनुशासित वातावरण बना रहा।

### अबूझमाड़ के ओरछा में आयोजित पंजीकरण शिविरों में उमड़ा जनसैलाब

**रायपुर, 22 जून।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में छत्तीसगढ़ के वनांचल क्षेत्रों में विकास और विश्वास का एक नया अध्याय लिखा जा रहा है। इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना और एक ही छत के नीचे लंबित समस्याओं का त्वरित समाधान करना था। इसी कड़ी में विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के राष्ट्रीय अभियान के अंतर्गत नारायणपुर जिले के सुदूर और संवेदनशील ओरछा विकासखंड में तीन दिवसीय वृहद पंजीकरण शिविरों का गरिमामय आयोजन किया गया। 18 से 20 जून तक चले इस त्रि-दिवसीय महा-अभियान का मुख्य ध्येय शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक पहुंचाना और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करना था। अबूझमाड़ के जंगलों और सुदूर गांवों से निकलकर ग्रामीण बड़ी संख्या में इन शिविरों में पहुंचे, जिससे शासन और जनता के बीच की दूरी मिटती नजर आई। तीन दिनों के भीतर प्रशासन को कुल 396 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 277 संवेदनशील मामलों का मौके पर ही समाधान कर ग्रामीणों को तत्काल राहत दी गई। शेष बचे आवेदनों को भी समय-सीमा के भीतर निराकरण के लिए संबंधित विभागों को सौंप दिया गया है। इस अभियान की शुरुआत 18 जून को ग्राम गारपा से हुई, जहां पहले ही दिन ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। यहां प्राप्त 85 आवेदनों में से 76 का तत्काल निपटारा किया गया। उत्साह का यह सिलसिला दूसरे दिन 19 जून को ग्राम कुतुल पहुंचा, जहां 131 आवेदन आए और 89 मामलों को मौके पर ही सुलझा लिया गया। अभियान के अंतिम दिन यानी 20 जून को ग्राम जाटलूर में ग्रामीणों की सबसे ज्यादा भीड़ उमड़ी। यहां रिकॉर्ड 180 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 122 मामलों का मौके पर ही प्रशासनिक अधिकारियों ने त्वरित निराकरण किया। जाटलूर में आयोजित अंतिम शिविर में जिला प्रशासन की मुस्तैदी साफदेखने को मिली। ग्रामीणों को भटकना न पड़े, इसके लिए सभी प्रमुख विभागों के स्टॉल एक ही परिसर में लगाए गए थे। यहां स्वास्थ्य विभाग में सबसे ज्यादा 58, महिला एवं बाल विकास विभाग में 48, जनपद पंचायत नारायणपुर में 28, पशु चिकित्सा विभाग में 16, तहसील कार्यालय में 14 और खाद्य विभाग में 12 आवेदन प्राप्त हुए। इस दौरान आयुष्मान भारत और आयुष्मान वय वंदना योजना के तहत नए कार्ड बनाने, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्के मकान की आस जगाने, पीएम स्वनिधि, पीएम सूर्यघर योजना और जल जीवन मिशन जैसी महत्वाकांक्षी योजनाओं के तहत नए पंजीयन और त्रुटि सुधार का काम युद्ध स्तर पर किया गया।

# हल्बा समाज सबसे संगठित और जागरूक आदिवासी समुदायों में से एक:विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 22 जून।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज राजनांदगांव स्थित पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर आडिटोरियम में आयोजित अखिल भारतीय हल्बा-हल्बी आदिवासी समाज केन्द्रीय कर्मचारी प्रकोष्ठ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह सह प्रथम सम्मेलन कार्यक्रम में शामिल हुए। विधानसभा अध्यक्ष्य डॉ. सिंह की उपस्थिति में नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने शपथ लिया। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने हल्बा समाज की मांग पर राजनांदगांव के वार्ड क्रमांक 22 रेवाडीह में समाज के लिए उपलब्ध भूमि पर सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 10 लाख रूपए प्रदान करने की घोषणा की। विधानसभा अध्यक्ष्य डॉ. सिंह ने कहा कि यह कार्यक्रम समाज की समृद्ध संस्कृति, परंपरा और सामाजिक चेतना के नवजागरण का उत्सव है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने कहा कि हल्बा समाज छत्तीसगढ़ के सबसे संगठित और जागरूक आदिवासी समुदायों में से एक है, जिसकी पहचान केवल छत्तीसगढ़ तक सीमित नहीं है, बल्कि महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश और ओडिशा सहित अन्य राज्यों में भी समाज के लोग विकास की मुख्यधारा से जुड़कर महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि समाज की राष्ट्रीय महासभा की संगठनात्मक संरचना की सराहना की। यह संगठन आदिवासी समाज की सशक्त




आवाज बनकर कार्य कर रहा है।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि आदिवासी हल्बा समाज की वीरता और बलिदान की अनेक गाथाएं हैं। आदिवासी समाज ने न केवल स्वतंत्रता संग्राम में बल्कि राष्ट्र निर्माण की प्रत्येक यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जल, जंगल और जमीन के संरक्षण का संदेश आदिवासी समाज सदियों से अपने जीवन में उतारकर चल रहा है, जो आज पूरी दुनिया के लिए प्रेरणा है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आदिवासी समाज के सम्मान, अधिकार और विकास को नई दिशा मिली है। बिरसा मुंडा जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने का निर्णय, एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों का विस्तार, वनधन विकास केंद्रों की स्थापना तथा विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों के लिए संचालित योजनाएं आदिवासी विकास के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं। उन्होंने कहा कि देश की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का नेतृत्व आदिवासी समाज के गौरव का प्रतीक है।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों से समाज के युवाओं को शिक्षा से जोडने, महिलाओं को सशक्त बनाने, सामाजिक एकता को मजबूत करने तथा समाज की गौरवशाली संस्कृति और परंपराओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाने कहा। उन्होंने कहा कि समाज की सबसे बड़ी शक्ति उसकी परंपरा और प्रगति के बीच संतुलन बनाए रखने में है। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय हल्बा आदिवासी समाज राष्ट्रीय महासभा श्री मन्तूराम पवार, नवनियुक्त केन्द्रीय अध्यक्ष केन्द्रीय कर्मचारी प्रकोष्ठ श्री गोविंद राम चुरेन्द्र, पूर्व अध्यक्ष अखिल भारतीय हल्बा-हल्बी समाज केन्द्रीय कर्मचारी प्रकोष्ठ श्री पीआर नाईक, पूर्व अध्यक्ष अखिल भारतीय हल्बा-हल्बी आदिवासी समाज केन्द्रीय कर्मचारी प्रकोष्ठ श्री आरएस नायक ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर समाजसेवी श्री कोमल सिंह राजपूत, पूर्व अध्यक्ष अखिल भारतीय हल्बा-हल्बी आदिवासी समाज राष्ट्रीय महासभा श्री जीआर राना सहित समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

## भारतीय संस्कृति की अनमोल धरोहर है योग विद्या: स्वामी स्वयंभूनाथ



■ पंडित किशोरीलाल शुक्ल विधि महाविद्यालय में उत्साह पूर्वक किया गया योग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव , 22 जून ।** पंडित किशोरीलाल शुक्ल विधि महाविद्यालय में योगाधिराज स्वामी स्वयंभूनाथ जी के मार्गदर्शन में योग प्रशिक्षक योगेश माहेश्वरी ने योग के विभिन्न आसनों द्वारा स्वस्थता का राज खोला । स्वामी जी ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अनमोल धरोहर है , जिसका लाभ आज पूरा विश्व उठा रहा है । 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर स्थानीय पंडित किशोरीलाल शुक्ल विधि महाविद्यालय में योग की क्रियाएं महाविद्यालयीन स्टाफ द्वारा अपनाई गई । योग गुरु के दिशा निर्देश पर योग प्रशिक्षक द्वारा प्राध्यापकों सहित विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों को योग के महती लाभ से अवगत कराया गया । स्वामी जी ने योग को भारतवर्ष की धरोहर बताते हुए कहा कि आज पूरी दुनिया इसी योग के सहारे खुद को स्वस्थ रखने में सुबह - शाम अलग - अलग मुद्राओं को जीवन में अहम स्थान प्रदान कर रही है। नांदगांव शिक्षा मंडल के अध्यक्ष सुरेश एच लाल , सचिव अनिल वार्ष्णेय , प्रशासक डॉ.आर.एन.सिंह तथा प्राचार्य डॉ. निमिषा मिश्रा की उपस्थिति में स्वामी जी एवं योग प्रशिक्षक को सम्मानित किया गया ।

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गंभीर किडनी रोगी के उपचार के लिए 3.95 लाख रुपये की सहायता राशि स्वीकृत

**रायपुर, 22 जून।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के संवेदनशील एवं जनकल्याणकारी नेतृत्व में मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत जशपुर जिले के गंभीर किडनी रोगी श्री जितेन्द्र कुमार यादव (44 वर्ष) को बड़ी राहत मिली है। मुख्यमंत्री श्री साय ने उनके उपचार एवं किडनी प्रत्यारोपण के लिए 3 लाख 95 हजार 121 रुपये की सहायता राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, जशपुर निवासी श्री जितेन्द्र कुमार यादव गंभीर किडनी रोग से पीड़ित हैं और उन्हें रेनल ट्रांसप्लांट (किडनी प्रत्यारोपण) की आवश्यकता है। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण उनके परिवार को उपचार कराने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। इस बीच मरीज के परिजनों ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के गृह निवास बगिया स्थित मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय पहुंचकर आर्थिक सहायता के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने त्वरित संज्ञान लिया और मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के अंतर्गत सहायता राशि स्वीकृत करने के निर्देश दिए। राज्य नोडल एजेंसी द्वारा जारी आदेश के अनुसार यह राशि अहमदाबाद (गुजरात) स्थित जी.आर. दोशी एवं के.एम. मेहता इंस्टीट्यूट ऑफ किडनी एंड रिसर्च सेंटर में किडनी प्रत्यारोपण, उपचार तथा आवश्यक दवाइयों के लिए मंजूर की गई है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि राज्य सरकार गंभीर एवं आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के माध्यम से जरूरतमंद मरीजों को समय पर आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है, ताकि जीवनरक्षक उपचार के अभाव में किसी भी परिवार को कठिनाइयों का सामना न करना पड़े। मुख्यमंत्री द्वारा स्वीकृत इस सहायता से मरीज एवं उनके परिजनों को बड़ी राहत मिली है। परिजनों ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस सहायता से अब आवश्यक उपचार संभव हो सकेगा।

# अच्छे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए रोज करें योग : अरुण साव

**रायपुर, 22 जून।** उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आज दुर्ग जिला मुख्यालय में खालसा पब्लिक स्कूल प्रांगण में आयोजित योगाभ्यास कार्यक्रम में शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम में सांसद श्री विजय बघेल, विधायक श्री रिकेश सेन, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष श्री प्रेम प्रकाश पाण्डेय, पद्मश्री से सम्मानित श्रीमती उषा बारले, महापौर श्रीमती अलका बाघमार, जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती सरस्वती बंजारे, संभाग आयुक्त श्री सत्यनारायण राठौर, आईजी श्री अभिषेक सांडिल्य, कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह, एसएसपी श्री विजय अग्रवाल, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, गणमान्य नागरिक और कई स्कूलों के विद्यार्थियों ने संयुक्त रूप से योग की विभिन्न मुद्राओं का अभ्यास किया।

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि इस वर्ष संपूर्ण देश में ''योगा फॉर हेल्दी एजिंग'' के लिए योग दिवस मनाया जा रहा है। उन्होंने सभी



से योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि योग का जीवन में बड़ा महत्व है। योग ऐसा सशक्त माध्यम है, जिससे शारीरिक एवं बौद्धिक विकास संभव है। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद लोगों को नियमित योग करने की शपथ दिलाई। सांसद श्री विजय बघेल ने कहा कि योग जीवन जीने की प्राचीन परम्परा है। आज योग को देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने वैश्विक मंच पर प्रतिष्ठा दिलाई है। प्रधानमंत्री के प्रयासों से पूरी दुनिया योग के महत्व को समझ रही है। उन्होंने कहा कि 21 जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस आज विश्व के अनेक देशों में मनाया जा रहा है। योग प्रशिक्षक प्राची भट्टाचार्य एवं डिलिमा मजूमदार ने कपालभाति प्राणायाम, अनुलोम-विलोम प्राणायाम, शिति प्राणायाम और भ्रामरी प्राणायाम सहित योग के विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया। उन्होंने ओम् के सुमधुर उच्चारण और शांति पाठ वाचन के साथ योगाभ्यास का समापन किया।

### योग केवल व्यायाम नहीं, तन-मन का संपूर्ण विज्ञानः डॉ. वर्णिका शर्मा

**रायपुर, 22 जून।** सारंगढ़ जिले के नगर पंचायत सरिया में आयोजित 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह में छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने योग को भारतीय संस्कृति की आत्मा और राष्ट्र निर्माण का आधार बताया। उन्होंने कहा कि योग तन और मन के बीच सेतु बनकर व्यक्ति का समग्र विकास करने वाला एक संपूर्ण विज्ञान बन गया है। डॉ. शर्मा ने योग के ऐतिहासिक और आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग का पहला परिचय धर्म की रक्षा के लिए कुरुक्षेत्र की रणभूमि में ही हुआ था, जब भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को गीता का उपदेश देते हुए सांख्य योग के माध्यम से अधर्मी शक्तियों से लड़ने का मार्ग दिखाया था। उन्होंने आगे कहा कि आज जब हम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का 12वां वर्ष मना रहे हैं, तो यह पूरे देश के लिए गर्व का विषय है कि एक योग-धर्मी के त्याग, समर्पण और सेवा भाव की बदौलत आज योग को वैश्विक स्तर पर एक नई पहचान मिली है।

### हीरानार छात्रावास पहुंच मंत्री केदार कश्यप ने विद्यार्थियों का बढ़ाया हौसला

**रायपुर, 22 जून।** वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री तथा दंतेवाड़ा जिले के प्रभारी मंत्री श्री केदार कश्यप ने विकासखंड गीदम स्थित सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक आवासीय विद्यालय एवं छात्रावास, हीरानार का दौरा कर विद्यार्थियों से आत्मीय संवाद किया। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए शिक्षा, अनुशासन, संस्कार और व्यक्तित्व विकास के महत्व पर प्रकाश डाला। विद्यार्थियों से मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए मन लगाकर पढ़ाई करना और बड़े लक्ष्य निर्धारित करना आवश्यक है। उन्होंने बच्चों से निरंतर सीखने, मेहनत करने और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। संवाद के दौरान मंत्री श्री कश्यप ने विद्यार्थियों से हल्बी और गोंडी भाषा के बारे में जानकारी ली। उन्होंने बच्चों को अपनी मातृभाषा, स्थानीय संस्कृति और परंपराओं पर गर्व करने की प्रेरणा देते हुए कहा कि अपनी जड़ों से जुड़े रहना ही सच्ची पहचान है।


## शपथ पत्र

**(नाबालिग पुत्री के नाम परिर्वतन के मामले में)**

मैं श्रीमती सोडी देवे (माता/पिता पालक का नाम) सुपुत्र/पत्नी सोडी बुधरा ओडसापारा, टेकमेटला तहसील उसूर, जिला बीजापुर छ.ग. की स्थायी निवासी हूं।

मैं अपने नाबालिग पुत्री सोडी सोमडी (SODI SOMADI) से बदलकर टीना सोडी (TINA SODI) करवाना चाहती हूं।

मैं अपने पुत्री नाम का नाम बदलकर यदि कोई गैर कानूनी काम करती हूं तो उसके लिए स्वयं जिम्मेदार रहूंगी।

मैं अपने पुत्र/पुत्री सोडी सोमडी (SODI SOMADI) को हमारी नाबालिग पुत्री के नाम बदलने में कोई आपत्ति नहीं है।

मैं यह शपथ पत्र अपने पूरे होशोहवास में रहकर हस्ताक्षर कर रही हूं तथा सक्षम प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रही हूं।

**श्रीमती सोडी देवे**
**माता/पिता/पालक के हस्ताक्षर**


# प्रभारी मंत्री ने किया ढोलकल ट्रैकिंग रूट का लोकार्पण

## दंतेवाड़ा में पर्यटन विकास और स्थानीय रोजगार को मिलेगा नया बढ़ावा

■ **61 लाख रुपये से अधिक की लागत से विकसित हुआ ट्रैकिंग रूट**

**रायपुर, 22 जून।** दंतेवाड़ा जिले की प्राकृतिक सुंदरता, ऐतिहासिक धरोहरों और पर्यटन संभावनाओं को नई पहचान देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए ढोलकल ट्रैकिंग रूट का लोकार्पण किया गया। जिला खनिज संस्थान न्यास (डीएमएफ) के तहत लगभग 61.05 लाख रुपये की लागत से विकसित इस ट्रैकिंग रूट का लोकार्पण वन एवं जलवायु परिवर्तन तथा जिले के प्रभारी मंत्री श्री केदार कश्यप ने किया।

मंत्री श्री केदार कश्यप ने कहा कि दंतेवाड़ा प्राकृतिक सौंदर्य, घने जंगलों और धार्मिक-आध्यात्मिक स्थलों से समृद्ध जिला है। ढोलकल ट्रैकिंग रूट के विकसित होने से जिले में साहसिक पर्यटन




को बढ़ावा मिलेगा तथा स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि यह परियोजना क्षेत्र की सांस्कृतिक और प्राकृतिक विरासत को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। साथ ही पर्यटकों और श्रद्धालुओं को सुरक्षित एवं सुविधाजनक आवागमन की बेहतर सुविधा भी उपलब्ध होगी।

पहाड़ों और प्राकृतिक सौंदर्य से घिरे ढोलकल क्षेत्र तक पहुंच अब पहले की तुलना में अधिक सुगम और सुरक्षित हो सकेगी। ट्रैकिंग रूट के निर्माण से पर्यटकों, प्रकृति प्रेमियों और साहसिक गतिविधियों में रुचि रखने वाले लोगों को बेहतर अनुभव मिलेगा। इससे क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों का विस्तार होने की उम्मीद है

कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने विश्वास व्यक्त किया कि ढोलकल ट्रैकिंग रूट दंतेवाड़ा को प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों में शामिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यह पहल पर्यटन विकास, स्थानीय रोजगार सृजन और प्रकृति संरक्षण के क्षेत्र में एक नया अध्याय साबित होगी।

ढोलकल ट्रैकिंग रूट का विकास पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ-साथ प्राकृतिक धरोहरों के संरक्षण की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण प्रयास है। यह परियोजना स्थानीय समुदाय की भागीदारी बढ़ाने, क्षेत्रीय विकास को गति देने और दंतेवाड़ा को राष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर नई पहचान दिलाने में सहायक सिद्ध होगी। इस अवसर पर विधायक श्री चैतराम अटामी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री नंदलाल मुड़ामी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री अरविंद कुंजाम, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती पायल गुप्ता, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुनीता भास्कर तथा वरिष्ठ जनप्रतिनिधि श्री संतोष गुप्ता, पुलिस अधीक्षक श्री गौरव राय, वनमंडलाधिकारी (डीएफओ) श्री रामकृष्णा रंगनाथा वाय, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन भी मौजूद रहे।

एक नजर

## अंजय शुक्ला ने दिया स्वास्थ्य और जागरूकता का संदेश



**रायपुर, 22 जून।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अंजय शुक्ला, उपाध्यक्ष, छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड तथा प्रदेश संयोजक बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ ने रविवार सुबह योगाभ्यास कर अपने दिन की शुरुआत की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि योग केवल एक शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा को संतुलित एवं स्वस्थ रखने की एक प्राचीन और प्रभावशाली भारतीय पद्धति है। नियमित योगाभ्यास से व्यक्ति शारीरिक रूप से स्वस्थ, मानसिक रूप से मजबूत तथा आत्मिक रूप से संतुलित रहता है। शुक्ला ने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि वे योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाएं और स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि स्वस्थ नागरिक ही सशक्त समाज और समृद्ध भारत की आधारशिला हैं। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर उन्होंने सभी को शुभकामनाएं देते हुए संदेश दिया कि योग को जन-जन तक पहुंचाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। करें योग, रहें निरोग के संदेश के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## लोक सेवा गारंटी अधिनियम में पेंशन को शामिल करना स्वागतयोग्य

**रायपुर, 22 जून।** भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ के प्रांताध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव ने छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा 'छत्तीसगढ़ लोक सेवा गारंटी अधिनियम, 2011' के अंतर्गत पेंशन सहित 14 महत्वपूर्ण वित्तीय सेवाओं को अधिसूचित कर उनके लिए समय-सीमा निर्धारित किए जाने का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय प्रशासनिक पारदर्शिता, जवाबदेही तथा पेंशनर्स को समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। नामदेव ने कहा कि लंबे समय से पेंशनर्स को पेंशन स्वीकृति, संशोधन, पारिवारिक पेंशन, बकाया भुगतान तथा अन्य वित्तीय मामलों में अनावश्यक विलंब और कार्यालयीन प्रक्रियाओं की जटिलताओं का सामना करना पड़ता रहा है। अब सेवाओं के लिए निर्धारित समय-सीमा तय होने से पेंशनर्स को राहत मिलने की उम्मीद जगी है तथा सरकारी कार्यालयों की जवाबदेही भी बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि सरकार का यह प्रयास तभी सार्थक सिद्ध होगा जब इसका ईमानदारी और कठोरता से क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। केवल अधिसूचना जारी कर देने से उद्देश्य पूरा नहीं होगा। यदि किसी स्तर पर पेंशनर्स के प्रकरणों को जानबूझकर लंबित रखा जाता है या अनावश्यक बाधाएं उत्पन्न की जाती हैं, तो संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए। नामदेव ने कहा कि पेंशनर्स समाज का सम्मानित वर्ग है और उन्हें अपने वैध अधिकारों के लिए बार-बार कार्यालयों के चक्कर लगाने के लिए विवश नहीं होना चाहिए। सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि निर्धारित समय-सीमा का पालन हो तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही, विलंब अथवा भ्रष्टाचार के प्रति शून्य सहनशीलता की नीति अपनाई जाए। भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ ने विश्वास व्यक्त किया है कि राज्य सरकार इस व्यवस्था को प्रभावी ढंग से लागू कर पेंशनर्स को समयबद्ध और पारदर्शी सेवाएं उपलब्ध कराने में सफल होगी।
इस संबंध में महासंघ के कार्यकारी प्रांताध्यक्ष जे पी मिश्रा, महामंत्री द्वय अनिल गोल्हानी एवं प्रवीण कुमार त्रिवेदी ने भी सरकार के इस निर्णय का स्वागत करते हुए इसके प्रभावी क्रियान्वयन की मांग की है।

# लोक सेवा गारंटी पर वित्त विभाग सख्त निर्धारित समय में मिलेंगी 14 सेवाएं

**रायपुर, 22 जून।** छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रशासनिक व्यवस्था में बड़ा बदलाव किया है। वित्त विभाग की 14 महत्वपूर्ण सेवाओं को लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत शामिल किया गया है। अब इन सेवाओं के लिए समय-सीमा तय रहेगी। इससे नागरिकों और पेंशनरों को राहत मिलेगी। सरकार का लक्ष्य जवाबदेही बढ़ाना है।

**फाइलों की देरी पर लगेगा अंकुश :** सरकारी दफ्तरों में अक्सर फाइलें लंबे समय तक अटक जाती थीं। पेंशन, भुगतान और सत्यापन जैसे मामलों में लोगों को कई चक्कर लगाने पड़ते थे। नई व्यवस्था में हर सेवा के लिए कार्य दिवस तय किए गए हैं। इससे अनावश्यक देरी पर रोक लगेगी।

**स्टाम्प सेवाओं को प्राथमिकता:** वित्त विभाग ने देयकों के भुगतान के लिए तीन दिन की समय-सीमा तय की है। इसमें एसएनए स्पर्श से जुड़े भुगतान भी शामिल हैं। राशि जमा होने के बाद स्टाम्प पेपर भी तीन दिनों में उपलब्ध कराया जाएगा। इससे आम लोगों और विभागों को त्वरित सुविधा मिलेगी।

**पेंशनरों को मिलेगा सबसे बड़ा लाभ:** पेंशन भुगतान शुरू करने की समय-सीमा सात दिन रखी गई है। यह अवधि पीपीओ मिलने के बाद लागू होगी। पेंशनरों के आवेदन भी सात से पंद्रह दिनों के भीतर निपटाए जाएंगे। इससे सेवानिवृत्त कर्मचारियों की परेशानी कम होगी।

**पीपीओ जारी करने तय हुई सीमा:** पेंशन भुगतान आदेश यानी पीपीओ जारी करने के लिए 30 दिन का समय निर्धारित किया गया है। पीपीओ ट्रांसफर के मामलों में 15 दिन की सीमा तय हुई है। पेंशन पुनरीक्षण भी 15 दिनों में किया जाएगा। इससे लंबित मामलों का तेजी से निपटारा संभव होगा।

**सेवा लाभों का होगा टाइम पर वेरिफिकेशन:** सैलरी वेरिफिकेशन के लिए 30 दिन का समय रखा गया है। संचालनालय स्तर पर भी यही समय-सीमा लागू होगी। पेंशन मामलों और सेवानिवृत्त हितलाभों के सत्यापन के लिए भी 30 दिन तय किए गए हैं। इससे कर्मचारियों के वित्तीय मामलों में स्पष्टता आएगी।

**निवेशकों और एजेंटों को भी राहत:** बचत योजनाओं से जुड़े निवेशकों के आवेदन सात दिनों में निपटाए जाएंगे। एजेंट नियुक्ति संबंधी आवेदन 30 दिनों में निराकृत होंगे। चालान की डुप्लीकेट प्रति तीन दिनों में उपलब्ध कराई जाएगी। इससे वित्तीय प्रक्रियाएं अधिक व्यवस्थित होंगी।



### सुशासन की दिशा में अहम कदम

सरकार का यह फैसला प्रशासनिक सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इससे सरकारी कामकाज में गति आएगी। पारदर्शिता और जवाबदेही मजबूत होगी। सबसे बड़ी बात यह कि आम नागरिकों और पेंशनरों को सरकारी दफ्तरों के चक्कर कम लगाने पड़ेंगे।

### अधिकारियों की जिम्मेदारी भी तय

सरकार ने सेवा देने वाले अधिकारियों को भी चिन्हित किया है। जिला कोषालय अधिकारी, वरिष्ठ कोषालय अधिकारी और संयुक्त संचालक स्तर के अधिकारियों को पदाभिहित अधिकारी बनाया गया है। अब जिम्मेदारी तय होने से जवाबदेही भी बढ़ेगी।


**समय पर काम नहीं हुआ तो कर सकेंगे अपील:** यदि तय समय में सेवा नहीं मिलती है तो नागरिक अपील कर सकेंगे। इसके लिए अपीलीय प्राधिकारी की व्यवस्था की गई है। संबंधित अधिकारी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई जा सकेगी। इससे लोगों को अधिकार आधारित सेवा मिलेगी।

# 1000 विशिष्टजन विशेष ट्रेन से करेंगे सोमनाथ धाम की यात्रा

**रायपुर, 22 जून।** भारतीय संस्कृति, आस्था और राष्ट्रीय स्वाभिमान के प्रतीक सोमनाथ धाम से जुड़ने के लिए छत्तीसगढ़ से एक ऐतिहासिक सांस्कृतिक यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अंतर्गत 22 से 26 जून तक आयोजित होने वाली ''सोमनाथ स्वाभिमान सांस्कृतिक यात्रा'' में प्रदेश के 1000 विशिष्टजन विशेष ट्रेन के माध्यम से गुजरात स्थित सोमनाथ धाम पहुंचेंगे। यात्रा का शुभारंभ 22 जून को से होगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे तथा पर्यटन, संस्कृति, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री राजेश अग्रवाल कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। इसके साथ ही रायपुर के जनप्रतिनिधि, सांसद, विधायक और महापौर सहित अनेक गणमान्य नागरिक भी समारोह में शामिल होंगे।

सोमनाथ स्वाभिमान पर्व भारत की उस सांस्कृतिक चेतना और गौरवशाली विरासत का प्रतीक है, जिसने हजार वर्षों की चुनौतियों के बाद भी अपनी आस्था और पहचान को अक्षुण्ण बनाए रखा। इसी ऐतिहासिक अवसर पर संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा देशभर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ की यह सांस्कृतिक यात्रा उसी राष्ट्रीय अभियान का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसका उद्देश्य नई पीढ़ी को भारत की सांस्कृतिक जड़ों, आध्यात्मिक धरोहर और राष्ट्रीय गौरव से जोड़ना है।

इस यात्रा की विशेषता यह है कि इसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों से चयनित विशिष्टजन, पद्म पुरस्कार एवं राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय सम्मानों से सम्मानित कलाकार, साहित्यकार, संस्कृति कर्मी, समाजसेवी तथा जनप्रतिनिधि शामिल होंगे।



यात्रा के माध्यम से छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति, परंपराओं और सांस्कृतिक विविधता का भी राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन होगा। प्रतिभागी अपने-अपने क्षेत्रों की पवित्र मिट्टी और नदियों का जल लेकर सोमनाथ पहुंचेंगे, जो भारत की सांस्कृतिक एकता, आध्यात्मिक समरसता और राष्ट्रीय अखंडता का प्रतीक बनेगा।

यात्रा के दौरान प्रतिभागियों को सोमनाथ मंदिर के दर्शन के साथ-साथ विभिन्न सांस्कृतिक और धार्मिक गतिविधियों में शामिल होने का अवसर मिलेगा। मंदिर दर्शन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, कला यात्राएं तथा ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व के स्थलों का भ्रमण इस कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण रहेगा। इससे न केवल प्रतिभागियों को भारत की गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत को निकट से जानने का अवसर मिलेगा, बल्कि विभिन्न राज्यों के सांस्कृतिक प्रतिनिधियों के बीच संवाद और आदान-प्रदान भी बढ़ेगा।

# सरकार बताए बिना उर्वरक के खेती कैसे करें किसान : कांग्रेस

**रायपुर, 22 जून।** प्रदेश में उर्वरक का संकट विकराल रूप ले चुका है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि सरकार बताये बिना उर्वरक के खेती कैसे करें किसान। प्रदेश में उर्वरक के लिये मारा मारी शुरू हो गयी है। आधा जून बीत गया किसानों को सोसायटी में खाद नहीं मिल रहा है। किसान बराबर सरकार के मंत्रियों, विधायकों, सांसदों से उर्वरक के बारे में गुहार लगा रहे, लेकिन सरकार केवल जुबानी आश्वासन दे रही है। आज भी प्रदेश के आधे से कम सोसायटियों में ही खाद पहुंच पाया है। मानसून आने वाला है, खरीफ में धान की फसल ही राज्य के किसानों की आजीविका का मुख्य आधार है। यदि खरीफ के सीजन में सरकार किसानों को पर्याप्त उर्वरक नहीं दे पायेगी तो किसानों के सामने साल भर के लिये आजीविका का संकट पैदा हो जायेगा।



प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि अभी तक सोसायटियों में खाद का न पहुंचना चिंता पैदा कर रहा। सरकार कब उर्वरक मंगायेगी, कब रैक लगेगी, भवन, सोसायटी पहुंचेगा। पिछले खरीफसीजन में राज्य के किसानों को 14 लाख मीट्रिक टन उर्वरक की आवश्यकता थी, साय सरकार शुरू के दो माह तक मात्र 80 हजार मीट्रिक टन ही उर्वरक दे पायी थी, आखिर तक जरूरत से आधे का भी इंतजाम नहीं कर पाई सरकार। किसान यूरिया से लेकर डीएपी और पोटाश सभी के लिए भटकते रहे, बिचौलियों के द्वारा ब्लेक मार्केट में तीन से चार गुने दाम में किसानों को यूरिया और डीएपी खरीदने को मजबूर होना पड़ा था। इस खरीफसीजन में 15 लाख 55 हजार मीट्रिक टन खाद की आवश्यकता अनुमानित है, पर इस सरकार 50 प्रतिशत स्टाक नहीं जुटा पाई है। शुक्ला ने कहा कि खरीफसीजन शुरू होने के पहले सरकार का दायित्व है कि वह किसानों के मांग के अनुरूप सोसायटियों में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक पहुंचाएं ताकि किसानों को समय पर खाद उपलब्ध हो सके।

### प्रदेश में अपराध की घटनाएं बढ़ गई : बैज

**रायपुर, 22 जून।** ढाई सालों में छत्तीसगढ़ को बर्बाद करने वाली भाजपा सरकार सुघ्घर छत्तीसगढ़ अभियान चलाने जा रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि सुशासन तिहार में सरकार को जनता ने आईना दिखा दिया, हर जगह जनता की नाराजगी सामने आई। अब सरकार झूठ का नया प्रोपोगंडा करने के लिए सुघ्घर छत्तीसगढ़ अभियान चालू करने जा रही है। पिछले ढाई सालों में शासन की सभी महत्वपूर्ण योजनाओं को साय सरकार ने बंद कर दिया। अब किस योजना का लाभ जनता को देंगे? सरकारी दफ्तरों में आम आदमी के छोटे-छोटे काम होते नहीं। राशन दुकानों में गरीबों को राशन नहीं मिलता। बिजली के दाम बेतहाशा बढ़ा दिया, 24 घंटे बिजली मिल नहीं पा रही है। बेरोजगारों को रोजगार नहीं मिल रहा। रेत के धंधे भाजपाई एक-दूसरे का खून बहा रहे, जिंदा जला रहे। गली-गली में अवैध शराब बिक रही। सरकार खुद ओवर रेटिंग करवा कर शराब की कीमत ज्यादा वसूल रही। किसान उर्वरक के लिए परेशान है। सुघ्घर छत्तीसगढ़ मनाने का ढोंग कर रही है।



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में नवविवाहिता को नकली मंगलसूत्र दिया जाता है। रोज हो रही बलात्कार की घटनाओं में महिलाएं खुद को असुरक्षित महसूस कर रही। डीएड अभ्यर्थी महीनों से आंदोलन कर रहे, निराश्रित पेंशन, विधवा पेंशन धारियों को महीनों से पेंशन नहीं मिलता। सरकार आत्ममुग्धता में सुघ्घर छत्तीसगढ़ अभियान चलाने की बात कर रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि सरप्लस बिजली वाले छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनने के बाद से बिजली कटौती आम हो गया है। पेयजल व्यवस्था बदहाल है, बूंद-बूंद पानी के लिए जनता तरस रही है। मनरेगा के श्रमिक काम के इंतजार में खाली बैठे है। शिक्षकों की भर्ती रोक दी गई है।

# पुलिस ने चोरी की 6 वारदातों का किया खुलासा, 4 बंदी

**रायपुर, 20 जून।** रायपुर पुलिस ने विधानसभा, तिल्दा-नेवरा, धरसींवा और खरोरा थाना क्षेत्र में हुई 6 चोरी की वारदातों का खुलासा करते हुए हिस्ट्रीशीटर अविनाश गोस्वामी और चोरी के जेवर खरीदने वाले लक्ष्मी नरसिम्हा जबादी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने 5 सूने मकानों और एक दुकान में चोरी करने के साथ ही एक मोटरसाइकिल भी चोरी की थी। मुख्य आरोपी अविनाश गोस्वामी महासमुंद जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र का हिस्ट्रीशीटर है। उसके खिलाफरायपुर और महासमुंद में चोरी और नकबजनी के करीब एक दर्जन मामले दर्ज हैं।

### आरोपियों के कब्जे से चोरी के चांदी के जेवर जब्त

गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से चोरी के चांदी के जेवर, चोरी के पैसों से खरीदी गई स्विफ्ट डिजायर कार और वारदात में इस्तेमाल की गई बिना नंबर की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल जब्त की गई है। बरामद सामान की कुल कीमत करीब 2.20 लाख रुपये बताई गई है। इस मामले में पुलिस पहले ही 4 अन्य आरोपियों और अपचारियों के खिलाफकार्रवाई कर चुकी है।

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट और संबंधित थानों की संयुक्त टीम ने पहले सागर गिरी गोस्वामी और तीन विधि के साथ संघर्षरत बालकों सहित कुल चार आरोपियों को गिरफ्तार किया था। उनके कब्जे से चोरी की बुलेट मोटरसाइकिल और एक हाथ घड़ी बरामद की गई थी।

# डब्ल्यूआरएस कॉलोनी में युवक की लाश मिली

**रायपुर, 22 जून।** राजधानी के खमतराई थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली डब्लयूआरएस कॉलोनी में रविवार-सोमवार की दरमियानी रात एक युवक की मृत्यु का मामला प्रकाश में आया है। कॉलोनी के एक खुले मैदान में युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। प्रारंभिक परिस्थितियों को देखते हुए पुलिस द्वारा हत्या की आशंका जताई जा रही है। वर्तमान में मृतक की पहचान सुनिश्चित नहीं हो पाई है और पुलिस शिनाख्त की कार्रवाई कर रही है।

सोमवार सुबह स्थानीय निवासियों द्वारा सूचना दिए जाने के बाद खमतराई थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस को युवक के शरीर पर गंभीर चोटों के निशान मिले हैं। परिस्थितियों को देखते हुए संभावना व्यक्त की जा रही है कि घटना इसी स्थान पर घटित हुई है।

**पहचान के लिए 'टैटू' बना मुख्य आधार :** जांच के दौरान पुलिस को मृतक के दाहिने हाथ पर 'आरके सारथी' नाम का एक टैटू मिला है। इसी आधार पर मृतक की पहचान के प्रयास तेज कर दिए गए हैं। पुलिस प्रशासन द्वारा आसपास के थानों से गुमशुदा व्यक्तियों की जानकारी भी साझा की जा रही है।मामले की गंभीरता को देखते हुए क्राइम ब्रांच, डॉग स्क्वायड और फॉरेंसिक साइंस लैब की टीमों ने घटनास्थल से वैज्ञानिक साक्ष्य एकत्र किए हैं। आरोपियों की पहचान हेतु क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज का भी विश्लेषण किया जा रहा है।

**आपसी विवाद या रंजिश के कोण से जांच:** पुलिस इस मामले में आपसी रंजिश या किसी पुराने विवाद सहित सभी संभावित पहलुओं पर गहनता से जांच कर रही है। अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

**सुरक्षा व्यवस्था पर स्थानीय चर्चा :** इस घटना के बाद क्षेत्र में पुलिस की गश्त व्यवस्था को लेकर भी चर्चाएं हो रही हैं। स्थानीय नागरिकों ने क्षेत्र में नियमित निगरानी बढ़ाने की अपेक्षा व्यक्त की है ताकि भविष्य में ऐसी वारदातों को रोका जा सके।

# कैट प्रदेश कार्यालय में योग जागरूकता कार्यक्रम

**रायपुर, 22 जून।** कैट महिला विंग की प्रदेश अध्यक्ष मधु अरोरा, महिला प्रदेश महामंत्री पिंकी अग्रवाल एवं महिला प्रदेश कोषाध्यक्ष प्रेरणा भट्ट ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कैट प्रदेश कार्यालय मे योग जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय योग प्रशिक्षक अभा सूद ने कैट टीम के साथ योगाभ्यास कराते हुए योग के महत्व एवं इसके स्वास्थ्य लाभों पर प्रकाश डाला।

इन्टरनेशनल योग टीचर, भारत सरकार, आयुष मंत्रालय द्वारा सर्टिफाइट आभा सूद योग थेरेपिस्ट ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक संतुलन प्रदान करता है। उन्होंने सभी उपस्थित सदस्यों को नियमित रूप से योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया।



मधु अरोरा ने बताया कि कार्यक्रम में कैट के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। उपस्थित सदस्यों ने योग को स्वस्थ एवं तनावमुक्त जीवन का आधार बताते हुए इसके व्यापक प्रचार-प्रसार का संकल्प लिया।

नई व्यवस्था / लाभार्थियों को अब सिर्फ बायोमेट्रिक से मिलेगा चावल

# छत्तीसगढ़ में ओटीपी से राशन मिलना बंद

**रायपुर, 22 जून।** छत्तीसगढ़ में राशन वितरण प्रणाली में बड़ा बदलाव किया गया है। अब ओटीपी आधारित व्यवस्था को पूरी तरह बंद कर दिया गया है और लाभार्थियों को राशन केवल बायोमेट्रिक सत्यापन के जरिए ही मिलेगा।

### छत्तीसगढ़ में नया राशन नियम बदला 2026

छत्तीसगढ़ में राशन दुकानों से ओटीपी के जरिए राशन देने का सिस्टम बंद कर दिया गया है। अब केवल अंगूठे के बायोमेट्रिक निशान से ही राशन मिलेगा। ओटीपी के नाम पर चावल खुले बाजार में बेचने का फर्जीवाड़ा सामने आने के बाद यह फैसला लिया गया। खाद्य संचालनालय ने साफकिया है कि नियम तोड़ने पर राशन दुकान संचालकों पर एफआईआर होगी। जिला खाद्य नियंत्रक भूपेंद्र मिश्रा ने यह जानकारी दी है।

### क्या है नई गाइडलाइन

खाद्य संचालनालय ने नई गाइडलाइन जारी की है। अब राशन कार्ड के परिवार के मुखिया और सभी सदस्यों की ई-केवाईसी पूरी होने के बाद ही आधार बायोमेट्रिक से राशन मिलेगा।

नॉमिनी के जरिए राशन लेने वालों को भी अंगूठा लगाना होगा। ओटीपी से अब कोई भी चावल नहीं ले सकेगा। वन नेशन वन राशन कार्ड योजना के अंतर्गत अब आधार प्रमाणीकरण से ही राशन बांटने के निर्देश दिए गए हैं।



### ओटीपी से कैसे हो रहा था फर्जीवाड़ा

राशन दुकानों में ओटीपी यानी वन टाइम पासवर्ड से राशन देने की सुविधा थी। जब कोई हितग्राही दुकान पर नहीं आता था तो उसके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर आए ओटीपी से भी राशन दे दिया जाता था।

लेकिन इस सुविधा का गलत फायदा उठाया जाने लगा। राशन कार्ड धारक अपना ओटीपी राशन दुकानदारों को दे देते थे। इसके बदले उन्हें नकद पैसा मिल जाता था।

राशन दुकानदार फिर वह चावल खुले बाजार में बेच देते थे। खासतौर पर एपीएल यानी उपरी गरीबी रेखा कार्ड वाले यह खेल ज्यादा खेल रहे थे।

### इन लोगों को मिलेगी छूट

60 साल से अधिक उम्र, 10 साल से कम आयु, एकल निराश्रित और नि:शक्त यानी दिव्यांग हितग्राहियों को विशेष परिस्थितियों में ओटीपी की सुविधा मिलती रहेगी। लेकिन बाकी सभी को अब बायोमेट्रिक अनिवार्य है। बिना अंगूठे के निशान के राशन नहीं मिलेगा। नियम तोड़ने पर एफआईआर होगी। खाद्य संचालनालय ने चेतावनी दी है कि जो राशन दुकान संचालक नियमों का उल्लंघन करेंगे, उन पर कड़ी कार्रवाई होगी। नियम तोड़ने पर एफआईआर दर्ज की जाएगी। साथ ही राशन दुकान का लाइसेंस भी रद्द हो सकता है।

### बाजार में चावल बिकना भी बंद होगा

इस नई व्यवस्था से सरकारी चावल खुले बाजार में बिकना भी बंद हो जाएगा। जब ओटीपी के जरिए चावल नहीं निकलेगा तो बाजार में सप्लाई का रास्ता खुद ही बंद हो जाएगा। यह फैसला असली हितग्राहियों को उनका पूरा राशन दिलाने की दिशा में एक जरूरी कदम माना जा रहा है।

# कमलनारायण शर्मा स्मृति व्याख्यान एवं सम्मान समारोह 26 जून को

**रायपुर, 22 जून।** महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, समाज सुधारक, राष्ट्रभक्त एवं प्रखर अधिवक्ता स्वर्गीय कमलनारायण शर्मा की पुण्य स्मृति में प्रति वर्षानुसार उनके जीवन मूल्यों, त्याग और देशप्रेम को नमन करने हेतु समाज सेवी संस्था ज़िन्दगी ना मिलेगी दोबारा द्वारा इस वर्ष का व्याख्यान एवं सम्मान समारोह 26 जून को रायपुर के शहीद स्मारक भवन में शाम 4 बजे से आयोजित किया जा रहा है। वर्तमान समय में जहाँ एक ओर भारत वैश्विक मंच पर तीव्र गति से उभर रहा है, वहीं दूसरी ओर आंतरिक एवं बाह्य सुरक्षा, साइबर अपराध, सीमा विवाद, सामाजिक सद्भाव एवं कानूनी जटिलताएँ जैसी अनेक चुनौतियाँ भी मौजूद हैं।



इसी संदर्भ में इस वर्ष का व्याख्यान विषय सुरक्षित भारत - चुनौतियाँ एवं समाधान रखा गया है, जो देश की सुरक्षा व्यवस्था, नीतिगत पहलुओं एवं जनसहभागिता पर गंभीर चिन्तन को प्रोत्साहित करेगा। मुख्य वक्ता अश्विनी उपाध्याय अधिवक्ता, सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली होंगे। उपाध्याय संविधान, कानून एवं राष्ट्रीय सुरक्षा मामलों के विशेषज्ञ हैं। उन्होंने सर्वोच्च न्यायालय में अनेक ऐतिहासिक मामलों में अपनी वकालत की है तथा राष्ट्रीय सुरक्षा, नागरिक अधिकारों और कानूनी सुधारों पर सशक्त विचार रखते हैं।



राष्ट्रवादी विचारक और सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय होंगे प्रमुख वक्ता

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26